.वर्ष 13, अंक 325
गैरसैंण
शनिवार
8 अप्रैल 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## प्रधानमंत्री मोदी शिक्षा का महत्व नहीं समझतें : सिसोदिया

**नई दिल्ली, एजेंसी** । जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने देशवासियों को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा का महत्व नहीं समझतें. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सिसोदिया का पत्र ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा कि मनीष सिसोदिया ने जेल से देश के नाम चिट्ठी लिखी है–प्रधानमंत्री का कम पढ़ा–लिखा होना देश के लिए बेहद ख़तरनाक है. मोदी जी विज्ञान की बातें नहीं समझते. मोदी जी शिक्षा का महत्व नहीं समझते. पिछले कुछ वर्षों में (उन्होंने) 60,000 स्कूल बंद किए. भारत की तरक्की के लिए पढ़ा–लिखा प्रधानमंत्री होना ज़रूरी है.

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 फरवरी को सिसोदिया को अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021–22 के निर्माण व कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में गिरफ्तार किया था.

## अमीर और अमीर होता जाता है, गरीब और गरीब : सिब्बल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर कटाक्ष किया।

# सीएम ने चौबट्टाखाल विस को दी 129 करोड़ 11 लाख 74 हजार के विकास कार्यों की सौगात

- 9159.04 लाख की 11 योजनाओं शिलान्यास और 3752.70 लाख से निर्मित 11 कार्यों का किया लोकार्पण
- जल्द लागू होगा समान नागरिक संहिता कानून

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चौबट्टाखाल विधानसभा की जनता को 129 करोड़ 11 लाख 74 हजार रूपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 9159.04 लाख रूपये की लगात से निर्मित होने वाली 11 योजनाओं का शिलान्यास तथा धनराशि 3752.70 लाख रुपये की लगात से निर्मित 11 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड में नई खेल नीति लाई गई है। नई शिक्षा नीति लागू करने वाला उत्तराखंड देश में पहला राज्य है। समान नागरिक संहिता कानून जल्दी ही लागू कर दिया जाएगा, जिसके संबंध में पूर्व में कमेटी गठित की जा चुकी है। सीएम ने चौबट्टाखाल में केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति के संबंध में केंद्र को प्रस्ताव भेजने की बात कही। साथ ही लैंसडाउन का नाम पूर्व सीडीएस शहीद बिपिन रावत के नाम पर रखने की सहमति व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान चमाली निवासी अजय बिष्ट व संजय बिष्ट को भीमल से शैंपू बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चौबट्टाखाल में आयोजित कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में जितनी योजनाएं संचालित व क्रियान्वित हो रही है वे अभूतपूर्व है। आज भारत का सांस्कृतिक उत्थान हो रहा है भारत का पुरातन वैभव पुनः लौट रहा है, अनेक पुराने स्थानों, भूले बिसरे नायको, गौरवशाली क्षणों को स्मरण किया जा रहा है। भारत के विश्व गुरु बनने की छवि का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। कहा कि नकल विरोधी कानून में 10 वर्ष की सजा तथा नकल माफिया की संपत्ति को ज़ब्त करने का प्रावधान किया गया है।

नकल में सम्मिलित कई लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है, इसलिए तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को बिना संदेह के तैयारी करनी चाहिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विकासखण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत राजकीय डिग्री कॉलेज पोखड़ा में भवन निर्माण, राजकीय डिग्री कॉलेज वेदीखाल में भवन मरम्मत एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान वर्ग में गणित व भौतिक विज्ञान विषयों, सतपुली के निकट दंगलेश्वर महादेव मन्दिर के निकट स्नानघाट व मन्दिर का स्थलीय विकास किये जाने, नगर पंचायत सतपुली में कन्या हाई स्कूल सतपुली का राजकीय इण्टर कॉलेज सतपुली में एकीकरण की स्वीकति, राजकीय डिग्री कॉलेज चौबट्टाखाल में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति, विकासखंड पाबों के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज गडिगांव में भवन निर्माण, विकासखंड बीरोंखाल के अन्तर्गत राजकीय हाईस्कूल कोठा में तीन अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के निर्माण, विकासखंड पोखड़ा के अन्तर्गत जनता इण्टर कालेज कोलाखाल इण्टर स्तर पर पद सजृत वित्त की मान्यता, विकासखंड एकेश्वर के अन्तर्गत एकेश्वर महादेव में क्षतिग्रस्त पुश्ते के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति देवी, विधायक लैंसडौन महंत दिलीप रावत, विधायक पौड़ी राजकमार पोरी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महेंद्र भट्ट, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, एसएसपी श्वेता चौबे, अपर जिलाधिकारी इला गिरी, अध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत, प्रमुख एकेश्वर नीरज पांथरी सहित पार्टी पदाधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी व भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा।

विस्तृत समाचार पेज नंबर 3 पर



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चौबट्टाखाल में विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करते हुए।

## 'बढ़ रहा कोरोना संक्रमण, राज्य रहें सतर्क'

### मांडविया ने कोविड को लेकर की बैठक, 10–11 अप्रैल को होगा मॉक ड्रील




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों को सतर्क रहने, टेस्टिंग व जिनोम सिक्वेंसिंग बढ़ाने, अस्पतालों और दवाओं का स्टॉक तैयार रखने का निर्देश दिया है। राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में आठ और नौ अप्रैल को सभी जिलों में कोरोना की तैयारियों की समीक्षा और 10 और 11 अप्रैल को कोरोना अस्पतालों में मॉक ड्रील करने का फैसला लिया गया।

केंद्रीय मंत्री मांडविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों को मॉक ड्रील में हिस्सा लेने का आग्रह किया। मनसुख मांडविया ने कहा कि पिछले तीन हफ्ते में कोरोना के मामले में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दो हफ्ते पहले 17 मार्च तक एक हफ्ते में औसतन प्रतिदिन कोरोना के 571 संक्रमित आ रहे थे, वहीं सात अप्रैल तक एक हफ्ते में औसतन 4188 संक्रमित आ रहे हैं।

इसी तरह से इस दौरान पोजेटिविटी दर एक फीसद से कम से बढ़कर औसतन 3.02 फीसद तक पहुंच गई है। केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में 10 या इससे अधिक जिलों में पोजेटिविटी दर 10 फीसद से ऊपर पहुंच गई है, जबकि कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश में पांच से अधिक जिले में पोजेटिविटी दर पांच फीसद से ऊपर पहुंच गई है। कोरोना के ताजा संक्रमण के लिए एसबीबी.1.16 वैरिएंट को जिम्मेदार बताया जा रहा है।मनसुख मांडविया ने कहा कि फरवरी में आ रहे कुल कोरोना के मामलों में 21.6 फीसद इस वैरिएंट के थे, लेकिन अब कुल मामलों में इस वैरिएंट का प्रतिशत 35.8 फीसद पहुंच गया है।

## जहानाबाद सदर अस्पताल में इंजेक्शन देते ही बिगड़ी 22 महिलाओं की हालत

**जहानाबाद, एजेंसी।** बिहार के जहानाबाद के सदर अस्पताल में शुक्रवार को उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब प्रसव वार्ड में भर्ती महिलाओं की हालत एक–एक कर अचानक बिगड़ने लगी।

अपने–अपने मरीज की हालत खराब होते देख स्वजन ने हंगामा शुरू कर दिया। यह देख वहां तैनात नर्स खिड़की के रास्ते भाग निकलीं।

सूचना पर आनन–फानन चिकित्सक पहुंचे और महिलाओं का इलाज शुरू कर स्थिति को संभाला। दरअसल, अस्पताल में इस समय 22 प्रसूताएं भर्ती हैं।

नवजात को जन्म देने के बाद सभी महिलाएं चिकित्सक की निगरानी में हैं। शुक्रवार को इन महिलाओं को सेफ्ट्रियाक्सोन इंजेक्शन लगाया गया था, यह एंटीबायोटिक दवा है, जो जीवाणुओं की कोशिका भित्तिओं पर हमले कर उन्हें नष्ट करता है।

इंजेक्शन लगने के कुछ समय बाद ही महिलाओं की हालत बिगड़ने लगी। दवा के रिएक्शन करने की वजह से बेचैनी व पूरे शरीर में खुजली शुरू हो गई। इस पर वहां हंगामा खड़ा हो गया। एक साथ इतनी सारी महिलाओं की हालत बिगड़ती देख नर्स घबरा गईं। नर्स ने वहां से खिसकना लेना ही मुनासिब समझा। सूचना पर चिकित्सक आए, जिसके बाद दूसरा इंजेक्शन सभी महिलाओं को दिया गया, जिसके बाद महिलाओं की हालत में सुधार हुआ। अस्पताल उपाधीक्षक डीडी चौधरी ने बताया कि सरकारी दवा की जो नई आपूर्ति आई है, उसमें कुछ दिक्कत हो सकती है। उसकी जांच कराई जा रही है। पटना पत्राचार किया जाएगा। दवा को तत्काल सील करते हुए उसके इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। नौ–दस महिलाओं में दवा रिएक्शन करने की बात सामने आई थी। अब सभी स्वस्थ हैं।



खिड़की कूदकर भागी नर्स; हंगामा

# सरकार कोरोना महामारी की रोकथाम को मुस्तैद : स्वास्थ्य मंत्री

### सभी चिकित्सा इकाईयों में 10 अप्रैल को आयोजित होगी मॉक ड्रिल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : देश के विभिन्न हिस्सों में कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुये राज्य सरकार अलर्ट मोड़ पर है। कोरोना महामारी की आहट को देखते हुये सूबे में कोरोना जांच एवं वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये है। इसके अलावा अधिकारियों को चार धाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं भी चाक-चौबंद करने को कहा गया है। प्रदेश में कोरोना की रोकथाम के लिये पर्याप्त संसाधन एवं प्रबंधन का अनुमान लगाने के उद्देश्य से आगामी 10 अप्रैल को सभी चिकित्सा इकाईयों में मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि प्रदेश में कोरोना महामारी की स्थिति नियंत्रण में है और राज्य सरकार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये पूरी तरह से तैयार है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में आयोजित सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों की वर्चुअल बैठक में कोरोना-19 के नियंत्रण एवं रोकथाम को लेकर मैराथन चर्चा हुई। बैठक में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों को अपने-अपने राज्यों में कोरोना रोकथाम के प्रयास और तेज करने को कहा। साथ ही उन्होंने सभी राज्यों से वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने, अधिक से अधिक संख्या में आरटीपीसीआर जांच करने, जीनोम सिक्वेसिंग कराने के भी निर्देश दिये। बैठक में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश में कोरोना महामारी की रोकथाम को लेकर राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं भविष्य की तैयारियों का लेख-जोखा रखा। वर्तमान में राज्य में कुल 98 सक्रिय रोगी है, जो स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोरोना जांच एवं वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने के दृष्टिगत 9 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली जायेगी, जबकि महामारी की रोकथाम के लिये पर्याप्त संसाधनों एवं प्रबंधन का अनुमान लगाने के उद्देश्य से आगामी 10 अप्रैल को सभी चिकित्सा इकाईयों में मॉक ड्रिल आयोजित की जायेगी, जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। विभागीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 26 फीसदी लोगों को प्रिकॉशन डोज लगाई जा चुकी है, जबकि 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को पहली एवं दूसरी डोज शतप्रतिशत लगाई जा चुकी है। कोविड-19 जांच के लिये प्रदेश में 11 राजकीय जांच केन्द्रों में आरटीपीसीआर जांच की सुविधा है जिनकी प्रतिदिन औसतन 13000 से 15000 सैंपल जांच करने की क्षमता है। इसके अलावा राज्य में कोविड-19 की जीनोम सीक्वेसिंग जांच के लिये राजकीय दून मेडिकल कॉलेज देहरादून, हल्द्वानी एवं अल्मोड़ा में लैब कार्यशील है। विभागीय मंत्री ने बताया कि राज्य के राजकीय चिकित्सालयों में कुल 7703 ऑक्सीजन सपोर्ट बेड, 852 आईसीयू बेड एवं 1165 वेंटिलेटर उपलब्ध है। बैठक में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश, अपर सचिव अमनदीप कौर, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह, निदेशक एनएचएम डॉ. सरोज नैथानी, डॉ. सुजाता, डॉ. मीतू शाह, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### वित्तीय खर्च की प्रत्येक माह होगी समीक्षा

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि विभागीय बजट समय पर खर्च हो सके, इसको लेकर अब प्रत्येक माह समीक्षा की जायेगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा स्वीकृत बजट समय पर खर्च न कर पाने से बजट लैप्स हो जाता है, जिससे कई महत्वपूर्ण योजनाएं अधर में लटक जाती है और इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में बजट खर्च करने की परिपाटी खत्म करने के उद्देश्य से अब प्रत्येक माह विभाग की समीक्षा की जायेगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत बैठक को संबोधित करते हुए।

## राजस्थान के आईएएस का भाई और दिल्ली का ट्रेवल एजेंट गंगा में बहा, तलाश में जुटी एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें

**ऋषिकेश** । ऋषिकेश में गंगा में राफ्टिंग के दौरान मौज मस्ती के लिए गंगा में उतरे राजस्थान के एक आईएएस अफसर के भाई ब्रह्मपुरी के पास तेज धारा में लापता में हो गए। वहीं, तपोवन क्षेत्र के पांडव पत्थर के पास गंगा में नहा रहे दिल्ली का ट्रेवल एजेंट और उनका साथी गंगा में डूबने लगा। साथी को जल पुलिस ने बचा लिया, लेकिन ट्रैवल एजेंट गंगा की लहरों में ओझल हो गया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम दोनों की तलाश में जुटी है।शुक्रवार को पुलिस को ब्रह्मपुरी के ओशो गंगाधाम आश्रम और पांडव पत्थर के पास तीन लोगों के गंगा में बहने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ तीनों टीम मौके पर पहुंची। पांडव पत्थर के पास गंगा में बहे एक युवक को जल पुलिस ने पहले ही सकुशल निकाल लिया था।मुनि की रेती थाना प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि राजस्थान के जयपुर निवासी हरीश कुमार मीणा (34) पुत्र रतन लाल मीणा 14 सदस्यीय दल के साथ घूमने के लिए ऋषिकेश आए थे।

### घरेलू गैस कीमतों में स्थिरता के नए दौर की शुरुआत

# मोदी सरकार ने किरीट पारिख समिति की रिपोर्ट को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** घरेलू फील्डों से निकाले जाने वाली गैस की कीमत तय करने को लेकर कैबिनेट के ताजा फैसले पर सरकार लंबे समय तक अमल में करना चाहती है। वजह यह है कि यह ना सिर्फ देश में सीएनजी व पीएनजी की खपत को बढ़ावा देगा बल्कि घरेलू बाजार में गैस कीमतों को लेकर एक स्थिरता बना कर रखेगा।

इस फैसले से देश में सीएनजी व पीएनजी की कीमतों में 11 फीसद तक की कमी आने की संभावना जताई जा रही है। सीएनजी व पीएनजी की कीमतों में कटौती को देखते हुए भाजपा भी इसे चुनावी साल में खूब प्रचारित करने की योजना बना कर चल रही है।

कैबिनेट ने किरीट पारिख समिति की रिपोर्ट के कुछ हिस्से को स्वीकार करते हुए ही नई कीमत नीति को मंजूरी दी है। अगर समिति की पूरी सिफारिशें लागू की गई जाती तो घरेलू गैस की कीमतों में और वृद्धि हो जाती। माना जा रहा है कि पिछले एक वर्ष में पीएनजी व सीएनजी की कीमतों में भारी वृद्धि के मद्देनजर केंद्र सरकार चुनावी साल में इन दोनो में और वृद्धि करने का जोखिम नहीं लिया है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने गुरुवार को जो फैसला किया है उसके मुताबिक देश के पुराने गैस फील्डों से निकालने जाने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत हर महीने तय होगी।

यह कीमत हर महीने जिस दर पर भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार से कच्चे तेल की खरीद करता है उसकी 10 फीसद होगी। लेकिन इसकी सीमा चार डॉलर से 6.50 डॉलर प्रति यूनिट ही होगी।

यानी क्रूड की खरीद बहुत ज्यादा कीमत पर हो तब भी घरेलू कीमत 6.50 डॉलर से ज्यादा नहीं होगी और क्रूड कीमत में भारी गिरावट आ जाए तब भी यह चार डॉलर प्रति एमएमबीटीयू (मिलियन मैट्रिक ब्रिटिश थर्मल यूनिट– गैस मापने की इकाई) से कम नही होगी। फार्मूला लागू होने से अभी जिन फील्डों से कंपनियों को 8.57 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू दी जा रही है वह घट कर 6.50 डॉलर हो जाएगी। भाजपा की तरफ से बताया गया है कि इस फैसले दिल्ली में सीएनजी की कीमत 5.97 रुपये प्रति किलो घट कर 73.59 रुपये और पीएनजी की कीमत छह रुपये घट कर 47.59 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने इस फैसले के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा है कि, "इस फैसले से घरेलू उपभोक्ताओं को कई तरह के फायदे होंगे। यह पूरे सेक्टर के लिए एक सकारात्मक कदम है।" पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि,"अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में भारी उतार चढ़ाव से ग्राहकों को बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है।" उन्होंने आगे कहा कि इससे फर्टिलाइजर सब्सिडी के बोझ को कम करने और घरेलू बिजली सेक्टर को भी फायदा होगा क्योंकि उन्हें सस्ती दर पर गैस मिलेगी। यह देश की इकोनोमी में गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने में सहयोग करेगा और कार्बन उत्सर्जन की कमी आएगी।




# 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार बनाएं प्रधानमंत्री: शाह

### आजमगढ़ में अमित शाह ने फूंका चुनावी बिगुल

**आजमगढ़, एजेंसी।** वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आजमगढ़ समेत यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाना है। ये आह्वान गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आजमगढ़ में किया। इसके साथ ही उन्होंने आजमगढ़ से पूर्वांचल में चुनावी बिगुल फूंक दिया। नामदारपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने जमकर विपक्ष पर निशाना साधा।कहा कि मैं पहले भी कई बार आजमगढ़ आ चुका हूं। पहले यहां पर रात में बिजली नहीं रहती थी। लेकिन जब से भाजपा सरकार आई है। लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। यूपी का एक भी गांव नहीं जहां बिजली न पहुंची हो। अमित शाह ने आजमगढ़ के बारे में बोलते हुए कहा कि कभी संगीत के लिए मशहूर इस शहर को सपा–बसपा ने बदनाम करने का काम किया है।

यूपी में बीजेपी की सरकार से संगीत महाविद्यालय की शुरुआत करके वापस उस गौरव को दिलाने का काम किया है। गृहमंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देना चाहता हूं। जिस आजमगढ़ को पूरे देश में आतंक के केंद्र के रूप में जाना जाता था। आज 'हरिहर घराने' को सम्मान देने के काम किया गया है। उनके सम्मान में संगीत महाविद्यालय की नींव रखने का काम यहां हुआ है। विरोधियों पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि सपा और बसपा ने अपने कार्यकाल में आजगमढ़ की छवि खराब करने का काम किया था।



# सीएम ने चौबट्टाखाल में विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

## शिक्षिका बीना मित्तल को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवराजपुर से सेवानिवृत्त हुई शिक्षिका बीना मित्तल को मुख्य शिक्षा अधिकारी आनंद भारद्वाज ने सम्मानित किया।

मुख्य शिक्षा अधिकारी डा. आनंद भारद्वाज ने गोविंद नगर स्थित बीना मित्तल के आवास में पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सेवा में कार्यरत रहते हुए बीना मित्तल ने सदैव शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया। वह सदैव अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाने के लिए प्रेरित करती थी। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके उत्कृष्ट कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर राकेश मित्तल, प्रेरिता गर्ग, परिधा मित्तल, शिवप्रसाद अग्रवाल, डा. ईश्वर शरण अग्रवाल, तरूछाया, रेनू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चौबट्टाखाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में लागत 290.55 लाख के पुस्तकालय भवन एवं बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण, चौबट्टाखाल में लागत 308.20 लाख से 24 शय्याओं के पर्यटक आवास गृह का निर्माण, नगर पंचायत सतपुली के कार्यालय भवन लागत 161.44 लाख का निर्माण, विकासखण्ड बीरोंखाल के आवासीय भवन टाइप-2 संख्या-2 का निर्माण लागत 45.00 लाख, राज्य योजना के अंतर्गत विकासखण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत फरसाडी-गएकोट-छाछरो मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण का कार्य (द्वितीय चरण) लम्बाई 2 किमी. लागत 127.19, विकासखंड पोखड़ा के अन्तर्गत देवराजखाल जयखाल मोटर मार्ग के मध्य धरतीली बैण्ड तक डामरीकरण सुदृढीकरण, विकासखंड पोखड़ा के अंतर्गत देवराजखाल–जयखाल के मध्य घरतोली बैंड तक लागत 62.45 लाख के डामरीकरण सुदृढीकरण, विकासखंड पोखड़ा के लटीबो दलीबो नाई मोटर मार्ग का लागत 142.71 लाख से डामरीकरण सुदृढीकरण, हलूणी पेयजल योजना लागत 112.93 लाख, भूमियाडांडा किंगोडीधार ग्रा.स.पं.यो. लागत 2501.32 लाख, वेदीखाल ग्रा.स.पं.यो. लागत 2284.84 लाख, बरसुण्डा देवता ग्रा.स.पं.प.यो. लागत 3122.41 लाख के कार्यों का शिलान्यास किया।

### भारत को विश्व गुरू बनाने की छवि का मार्ग हो रहा प्रशस्त

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने धारा 370 व 35 (ए) को हटाने का कार्य किया है, सड़कों की स्थिति को बेहतर करने के साथ-साथ राज्य में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाया है। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत का आरक्षण देने का कार्य किया है, धर्म परिवर्तन करने पर कठोर सजा के कानून का प्रावधान किया है। पंचायतों को 29 विषय हस्तांतरित करने की कार्यवाही की जा रही है, इसके साथ ही ग्राम प्रधानों को तत्कालिक कार्य करने के लिए दस हजार रूपए देने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने की छवि का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

### मुख्यमंत्री ने चौबट्टाखाल में इन विकास योजनाओं का किया लोकार्पण

सतपुली : शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चौबट्टाखाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय खेरासेण सतपुली भवन निर्माण कार्य लागत 306.40 लाख, तहसील चौबट्टाखाल के अनावासीय मुख्य भवनों का निर्माण कार्य लागत 224 लाख, विकासखण्ड पोखड़ा में देवराठी सेडियाखाल, लखोली, उबोट, गवांणी मोटर मार्ग में डामरीकरण का कार्य लागत 142.60 लाख, विकासखण्ड बीरोंखाल के आवासीय भवन टाईप 4 भवन कर निर्माण कार्य का लागत 50 लाख, एकेश्वर श्रोत सवर्द्धन पेयजल योजना लागत 493.46 लाख, विधानसभा चौबट्टाखाल में कोट मल्ला से कोट तल्ला कड़िया कुलासू रीठाखाल मोटर मार्ग पर 70 मी. स्पान स्टील ट्रस मोटर सेतु का निर्माण कार्य 955.74 लाख, सतपुली से उलखेत मोटर मार्ग स्टेज-1 व 2 लम्बाई 5.117 किमी. का 327.30 लाख से निर्मित, सतपुली से हलूणी मोटर मार्ग स्टेज-1 व 2 लम्बाई 1.975 किमी. लागत 123.30 लाख से निर्मित, 244.37 लाख से निर्मित सासों से मासो इण्टर कॉलेज मोटर मार्ग स्टेज-2 लम्बाई 6.500 किमी., 279.54 लाख से निर्मित चम्पेश्वर झंगरबो मोटर मार्ग स्टेज 2 लम्बाई 5.575 किमी., 605.99 लाख से निर्मित झवेरा लिंक जजेड़ी मोटर मार्ग स्टेज 2 लम्बाई 11.950 किमी. कार्य का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चौबट्टाखाल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

# बदहाल स्थिति में पड़ा है कोटद्वार-घराट मार्ग

## शिकायत के बाद भी मार्ग मरम्मत की सुध नहीं ले रहा विभाग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार से घराट को जोड़ने वाला मार्ग पिछले कई माह से बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। मार्ग पर बने बड़े-बड़े गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। शिकायत के बाद भी लोक निर्माण विभाग सड़क मरम्मत की सुध नहीं ले रहा। ऐसे में मार्ग पर कब बड़ा हादसा हो जाए, कहा नहीं जा सकता।

महाविद्यालय से घराट को जोड़ने वाला डेढ़ किलोमीटर का मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील होता जा रहा है। पग-पग पर बने गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। पूर्व में गड्ढों की चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक घायल भी हो चुके हैं। शिवपुर निवासी धीरज सिंह, मदन कुमार ने बताया कि मार्ग पर हर रोज सैकड़ों वाहन आवाजाही करते हैं। बावजूद इसके सरकारी सिस्टम मार्ग मरम्मत की सुध नहीं ले रहा है। सबसे अधिक दुर्घटनाएं रात के समय हो रही हैं। दरअसल, अंधेरे में सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं। यही स्थिति, महाविद्यालय से बुद्धा पार्क को जाने वाले मार्ग की भी बनी हुई है। जबकि, लोक निर्माण विभाग ने कुछ माह पूर्व उक्त सड़क के गड्ढों की मरम्मत भी करवाई थी। शिकायत के बाद भी सड़क मरम्मत नहीं होने से क्षेत्रवासियों में रोष बना हुआ है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए जल्द मार्ग मरम्मत करवाया जाना चाहिए।



कोटद्वार में बदहाल स्थिति में पड़ा डिग्री कालेज–घराट–मवाकोट–कलालघाटी मार्ग

> बदहाल सड़कों के बारे में जानकारी मिली है। सड़क मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।
>
> **...ऋतु खंडूडी भूषण, विधानसभा अध्यक्ष**

## गेप्स संस्था ने मरीजों को बांटे फल

**कोटद्वार** : सामाजिक संस्था गेप्स की ओर से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने मरीजों का हाल भी जाना। सदस्यों ने गेप्स के प्रतिनिधि मनमोहन काला के नेतृत्व में राजकीय बेस चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। गेप्स के संस्थापक निदेशक राम भरोसा कंडवाल ने कहा कि फल वितरण अभियान के बाद सदस्यों ने बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्सकों से भी वार्ता की। कहा कि स्टाफ की कमी के बाद भी चिकित्सक व अन्य स्टाफ पूरी ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। कहा कि सदस्य जल्द ही बेस अस्पताल की समस्याओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से मुलाकात करेंगे। इस मौके पर दिनेश चौधरी, नंदन सिंह नेगी, मनमोहन काला, रमेश चन्द्र कुकरेती, यशवंत सिंह बिष्ट, रविंद्र सिंह बिष्ट, योगेन्द्र रावत, हृदियेश डबराल, नीरजा गौड़, शोभा डबराल, मीनाक्षी बड़थ्वाल, जगत सिंह नेगी, एसपी डोबरियाल, आदि मौजूद रहे।

# पहाड़ के बंद रूटों पर दौड़ने लगी जीएमओयू की टैक्सी

## पौड़ी जिले के पांच रूटों पर चलाई जा रही जीएमओयू की टैक्सी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** यातायात कंपनी जीएमओयू ने पहाड़ के कई रूटों पर टैक्सी सेवाएं आरंभ कर दी हैं। पौड़ी जिले के पांच रूटों पर जीएमओयू की टैक्सी सेवा प्रारंभ की जाएगी। इससे पर्वतीय क्षेत्र के लोगों को आवाजाही में काफी सुविधा मिलेगी। यह सेवा उन रूटों पर शुरू हुई है जहां जीएमओयू की बसों का संचालन नहीं हो रहा था।

कंपनी अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने बताया कि बसों की संख्या में कमी को देखते हुए विभिन्न रूटों में टैक्सी सेवा आरंभ करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में एक अप्रैल से अब तक छः रूटों पर टैक्सी सेवाएं शुरू की जा चुकी हैं, जिसमें त्रिपालीसैंण, रिखणीखाल, पाबौ, पोखड़ा व संगलाकोटी कोलागाड़ के साथ ही डांडा नागराजा की सेवाएं शामिल हैं। वहीं जीएमओयू के यातायात प्रबंधक दीपक नेगी व स्टेशन अधीक्षक राजेश बुड़ाकोटी ने बताया कि पर्वतीय रूटों पर शुरू हुई टैक्सी सेवाओं का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। जनता की मांग पर अन्य रूटों पर भी टैक्सी सेवा आरंभ की जायेगी। कहा कि सेवा से पहाड़ के यात्रियों को काफी लाभ मिल रहा है। जीएमओयू सेवाओं को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास कर रहा है।




पहाड़ पर दौड़ने वाली जीएमओयू की टैक्सी सेवा

## राशिसं ने बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन के बहिष्कार की दी चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के विरोध में रविवार को राजकीय शिक्षक संघ द्वारा पौड़ी में सांकेतिक धरना दिया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी कि प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती का प्रस्ताव वापस नहीं लिए जाने पर बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन का बहिष्कार किया जाएगा।

संघ के जिला महामंत्री बिजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेजों में अभी तक प्रधानाचार्य का पद शत-प्रतिशत पदोन्नति का रहा है। जिसमें एलटी और प्रवक्ता दोनों संवर्ग के शिक्षकों का कोटा निर्धारित है, लेकिन माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सरकार को 693 प्रधानाचार्य के पदों को सीधी भर्ती से भरने का प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने कहा कि यह लंबे समय से पदोन्नति की राह देख रहे वरिष्ठ शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण है। शिक्षक पदोन्नति न होने से जिस पद पर सेवा में आए थे उसी पद से सेवानिवृत्त हो रहे है। कहा कि प्रधानाचार्य के पदों को सीधी भर्ती से करने पर शिक्षक बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन बहिष्कार के लिए बाधित होंगे। कहा कि इस प्रस्ताव के विरोध में 9 अप्रैल को पौड़ी में सांकेतिक धरना दिया जाएगा। उन्होंने राजकीय शिक्षक संघ ने सभी सदस्यों व शिक्षकों से धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में हिस्सा लेने की अपील की है।

## गोवंश पर हमला करने वाले के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गोखले मार्ग में गोवंश पर धारदार हथियार से हमला करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में हिंदू युवा वाहिनी की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी।

हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश महामंत्री राजेश जदली की ओर से बाजार चौकी में तहरीर दी गई। जिसमें उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम गोखले मार्ग पर एक सब्जी विक्रेता सड़क पर घूम रहे गोवंश पर धारदार हथियार से हमला कर रहा था। हमले में गोवंश को कई चोटें भी आई हुई हैं। कहा कि भविष्य में व्यक्ति अन्य गोवंश को भी निशाना बना सकता है। ऐसे में उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। बाजार चौकी प्रभारी प्रद्युमन नेगी ने बताया कि तहरीर के आधार पर लकड़ीपड़ाव निवासी इरफान के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

## धूमधाम से मनाया गया राजकीय प्राथमिक विद्यालय कांडाखाल का वार्षिकोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकासखंड जयहरीखाल के संकुल कुणझोली के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय कांडाखाल का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय की उपलब्धियों सहित आय-व्यय का ब्यौरा अभिभावकों के समक्ष रखा गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वार्षिकोत्सव का आरंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जयहरीखाल दीपक भंडारी, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं सहित महिला मंगल दल कांडा तल्ला व मल्ला ने भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सहायक अध्यापक जगदीश राठी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट के साथ ही विभाग की ओर से मिले अनुदान की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कहा कि विद्यालय प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस क्रम में विद्यालय की दो छात्राओं का चयन मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना में हुआ है। शीतकालीन एवं शरदाकालीन खेलों में विद्यालय के छात्रों द्वारा राज्य स्तर पर प्रतिभाग किया गया और इंगलिश जीनियर प्रतियोगिता में भी छात्रों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। ब्लाक प्रमुख दीपक भंडारी ने विद्यालय को यथासंभव सहायता देने की बात कही गई। खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने भी विद्यालय की उपलब्धियों की प्रशंसा की। इस मौके पर जूनियर शिक्षा संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, मंत्री मनोज सिंह रावत, ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र, विपुल भंडारी, गणेश रावत, विक्रम रावत, गीतांजली लिंगवाल, योगिता भट्ट, विजय सिंह, जसपाल असवाल, पदमेंद्र सिंह, प्रभुदयाल, बचन सिंह, सावन सिंह, बीना देवी, मुन्नी देवी, सरिता देवी, श्वेता देवी, सोनम देवी, भारती देवी, रीना देवी, अवनीश पंत, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी

# सेवानिवृत प्राधानाध्यापक व शिक्षकों किया सम्मानित

### राजकीय जूनियर हाईस्कूल की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**कोटद्वार** : जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन की ओर से दुगड्डा ब्लॉक के विभिन्न राजकीय जूनियर हाईस्कूल से सेवानिवृत्त हुए प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने समाज को शिक्षित बनाने में हर संभव प्रयास का संकल्प भी लिया।

संगठन के ब्लाक अध्यक्ष विपिन चौहान की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार केंद्र पदमपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन ने राजकीय जूनियर हाई स्कूलों से सेवानिवृत्त हुए प्रधानाध्यापक शशि राणा, जगदीश प्रसाद, राजकुमार रौतेला, गुमान सिंह नेगी व सहायक अध्यापक सुलोचना काला, केसर सिंह तोमर, सत्यपाल सिंह बिष्ट, सैयद कमर अब्बा, बासवानंद ध्यानी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संगठन की ब्लाक कोषाध्यक्ष उमा बुड़ाकोटी ने कहा कि सेवानिवृत्त सभी प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों ने पूरी मेहनत से शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य किया है। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने अनुभव भी साझा किए। कहा कि हम सभी को समाज को शिक्षित बनाने के लिए एकुजुट होकर कार्य करना चाहिए।

इस मौके पर संगठन की ब्लाक मंत्री जागृति कुकरेती, सुरदीप गुसाईं, दीवान सिंह रावत, जयपाल सिंह भंडारी, उमेश कुमार वर्मा, विक्रम सिंह रावत, भोपाल सिंह रावत, अरविंद ध्यान, सुभाष बडोनी, प्रदीप बलूनी, प्रकाश चौधरी, अरुण कुकरेती, जय चंद्र आर्य, देवेंद्र सिंह रावत, सुदेश नेगी, कविता असवाल, कैलाश चंद्र कुकरेती, जगमोहन सिंह नेगी, शिव प्रकाश सैलवाल, संतोष कुमार, सुरेंद्र सिंह नेगी, अनिल कोटनाला, कमला कंडारी, अंजली कंडवाल, विजयलक्ष्मी रावत, राकेश वर्मा, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते संगठन के सदस्य

## बैठक आठ अप्रैल को

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक नौ अप्रैल को अरण्य सभागार पनियाली में आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त रेंज अधिकारी आरपी पंत ने बताया कि बैठक में कर्मचारी कल्याण निगम के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी भी भाग लेंगे।

उन्होंने अधिक से अधिक सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# सिलेंडर को लेकर दो महिलाओं में मारपीट



रुद्रपुर : महिलाओं की आपसी लड़ाई आपने अक्सर देखी होगी। लेकिन दो महिलाओं की यह आपसी लड़ाई गैस एजेन्सी पर गैस की गाड़ी से ठेकेदार एवं गैस मैनेजर के इजाजत के बिना गैस सिलेंडर उतारने को लेकर मैदान में आ गयी। दोनों महिलाओं की आपसे में जमकर मारपीट की यहां तक कि दोनों बड़ी झाडू के साथ एक दूसरे से मारपीट भी की। जब गैस प्रबंधक, गैस कर्मियों व ठेकेदार द्वारा रोका गया तो उन्होंने इन पर भी अभ्रदता को व्यवहार किया। जिसको लेकर गैस प्रबंधक सहित गैस कर्मी धरने पर बैठ गये। गैस प्रबंधक ने आरोप लगाया कि उक्त महिलायें आये दिन गैस गाड़ी से गैस सिलेंडर जबरदस्ती उतार लेती है और गैस ब्लैक का करोबार करती है इनकी कई बार पुलिस को एवं प्रशासन को शिकायत की गयी लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों महिलाओं को थाने बुला लिया।जानकारी के अनुसार सुबह जब गैस एजेन्सी में घरेलू गैस सिलण्डर से भरा ट्रक पहुंचा तो हर बार की तरह इस बार जब दो महिलायें पूनम एवं पिंकी गैस के ट्रक से गैस सिलेंडर उतारने के लिए चढ़ने लगी तभी किसी बात को लेकर आपसे में भिड़ गयी। इतना ही नहीं दोनों महिलाओ ने आपस में गाली गौलच करते हुए हाथा–पाई के साथ वहां पर पड़े सफाई कर्मियों के बड़े झाडू भी उठा लिये और एक दूसरे को उससे मारपीट पर उतारु हो गयी। मामले को देख काफी भीड़ भी एकत्र हो गयी यहां तक कि मौके पर मीडिया कर्मी भी पहुंच गये और झगड़े की वीडियों भी बनायी गयी। वहीं घटना को देखकर गैस प्रबंधक केआर आर्य एवं ठेकेदार हुकुम चन्द्र गैस कर्मियां पर मौके पर पहुंच गये और सुरक्षा की दृष्टि से गैस की गाड़ी से हटाने का प्रयास किया गया। इस पर महिलाओं ने गैस प्रबंधक व कर्मियों व ठेकेदार पर भी अभद्रता करने पर उतारु हो गयी। महिलाओं का आक्रोश देखते हुए गैस प्रबंधक एवं कर्मी एवं ठेकेदार भागने को मजबूर हो गये। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने मामले को शांत करवाया और दोनों महिलायें थाने पहुंची। वहीं गैस प्रबंधक केआर आर्य कर्मचारियों एवं ठेकेदार के साथ कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गये। उनका कहना था कि घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गयी है। उनका आरोप था कि उक्त महिलायें आये दिन गैस गाड़ी आने पर जबरदस्त गैस सिलेंडर उतार लेती है जब उनसे मना किया जाता है तो वह उलटा आरोप लगाने लगी है। मैनेजर का कहना था कि इनकी कई बार थाने में लिखित शिकायत भी की गयी है ।

## पूर्व प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग हुई तेज

काशीपुर : एक कॉलेज की चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी से अश्लील हरकत और दुष्कर्म की कोशिश करने वाले पूर्व प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई मांग तेज हो गई है। शुक्रवार को एसएसडी अभय प्रताप सिंह को क्षेत्र की महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा क्षेत्र के एक स्कूल की चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी से अश्लील हरकत और दुष्कर्म की कोशिश करने वाले निलंबित प्रधानाचार्य उसी कॉलेज में कार्यरत हैं। इस विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने आरोपी के विद्यालय में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। कहा आरोपी पूर्व प्रधानाचार्य के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर



बागेश्वर : भारतीय जनता युवा मोर्चा सामाजिक न्याय सेवा सप्ताह मना रहा है। इसके तहत शुक्रवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

यह अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष दीपक गस्याल ने कहा कि सामाजिक न्याय सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। पहली कड़ी में रक्तदान शिविर लगाया गया है। इसमें पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया है। रक्तदान करने से कई जरूरतमंदों की जान बच सकती है।

इसके लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल तक जिले में अभियान चलाए जाएंगे। जिसके तहत स्वच्छता, करियर काउंसलिंग, चिकित्सा शिविर, सहभोज सेवा बस्ती आदि भी होंगे। उन्होंने कहा कि आठ मंडलों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनोज ओली, अक्षय चन्याल, राजेंद्र दानू, प्रशांत तिवारी, संदीप जोशी, भावेश पाठक, संदीप कुमार, कमल खेतवाल, वीरेंद्र देवली, धीरज कुंवर, राहुल साह आदि ने रक्तदान किया। (एजेंसी)

# जुमे की नमाज में मांगी अमन चैन की दुआ



काशीपुर : रमजान के तीसरे जुमे की नमाज मस्जिदों में पूरी अकीदत के साथ अदा की गई। इस मौके पर अल्लाह से मगफिरत, मुल्क की तरक्की, अमन चैन की दुआएं मांगी।

शुक्रवार को रमजान के तीसरे जुमे की नमाज नगर एवं देहात की मस्जिदों में अलग–अलग समय पर भारी संख्या में रोजेदारों ने अदा की।

इससे पूर्व मस्जिदों में उलेमाओं ने जकात, खैरात एवं फितरे आदि के बारे में बताया। नमाज के बाद उलेमाओं ने मगफिरत, मुल्क में सुकून के लिए दुआएं कराई। प्रत्येक मस्जिद पर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं,हल्की गर्मी के चलते रोजेदारों को प्यास की शिद्दत भी रही। रोजेदारों ने तीसरे जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की। नगर की मस्जिदों में उलेमाओं ने तकरीर कर नमाज पढ़ाई। शुक्रवार को छोटे–छोटे बच्चों ने भी जुमे की नमाज पढ़ी। मस्जिदों के आस–पास पुलिस बल तैनात रहा। (एजेंसी)

## स्वास्थ्य को जीवन की असल पूंजी बताया

रुद्रपुर : राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में विश्व स्वस्थ दिवस के अवसर पर शारीरिक एवम स्वस्थ शिक्षा विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडेय ने किया। विद्यालय में स्वस्थ से लेकर विभिन्न प्रतियोगिता जैसे विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, चार्ट प्रदर्शनी एवम स्वस्थ संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रमोद पांडे ने स्वास्थ्य को जीवन की असल पूंजी बताई।

कार्यक्रम का संचालन अनिल राठौर ने किया। इस अवसर पर पूजा भट्ट, योगेंद्र सिंह, रत्नाकर पांडे, महेश चंद्र भट्ट आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# छात्रों ने कॉलेज प्रशासन का पुतला फूंका

बागेश्वर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का मुख्य द्वार बंद होने पर छात्र भड़क गए। उन्होंने कॉलेज परिसर पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। साथ ही कॉलेज प्रशासन का पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि गेट बंद होने से छात्र–छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्राचार्य मनमानी पर उतरेंगे तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। शुक्रवार को कॉलेज गेट बंद होने से छात्र भड़क गए। उन्होंने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्राचार्य मनमानी कर रहे हैं। मुख्य गेट पर ताला लगा दिया जाता है। इससे छात्र–छात्राओं को वाहन आदि लाने में परेशानी होती है। उन्हें छोटे गेट से प्रवेश करना पड़ रहा है। छात्रसंघ अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में पानी की कमी है। कॉलेज परिसर में



हैंडपंप और अन्य साधन हैं। जहां से छात्रों के अलावा आसपास के लोग भी पानी भरते हैं। गेट बंद होने से उन्हें मायूस होना पड़ रहा है। इस बीच प्राचार्य और छात्रों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। प्राचार्य डॉ. एसएस धपोला ने कहा कि बाहर अराजक तत्व कॉलेज परिसर में घुस आते हैं। वह कॉलेज की गरिमा को बिगाड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने मुख्य द्वार बंद करने का निर्णय लिया है। जिससे छात्र–छात्राओं का पठन–पाठन में व्यवधान भी नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि छात्र चाहते हैं कि गेट खुला रहे, उसे खोल दिया जाएगा। इस दौरान प्रकाश बछामी, जयदीप कुमार, योगेश जोशी, नमीष रावत, चाहत थापा, कमलेश कुमार, विक्रम दानू आदि छात्र मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बनाई रणनीति

चम्पावत। विकास खंड बाराकोट में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मई में होने वाले दिल्ली में संसद घेराव की रणनीति बनाई। बाद में उन्होंने सीएम केंप कार्यालय और भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन दिया। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह छतोला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षकों और कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग जोरदार तरीके से उठाई। उन्होंने कि कई वर्षों तक नौकरी करने के बाद भी कर्मचारियों को आठ से करीब दो हजार तक पेंशन मिल रही है। जो कि सरकारी कर्मचारी के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि अगर नई पेंशन योजना बेहतर है तो इसे सांसद ओर विधायक पर लागू क्यों नहीं हो रही है। जिलाध्यक्ष छतोला ने कहा कि वह पेंशन बहाली पर संघर्षरत अन्य संगठनों को पूरा सहयोग कर रहे हैं। कहा कि सभी संगठन एकजुट होकर सरकार के सम्मुख अपनी एक सूत्रीय मांग को रखे। कर्मचारियों ने कहा कि सीएम का जिला है जिसमें वह मांग पूरी न होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। इस दौरान उन्होंने सीएम कैंप कार्यालय और भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा को भी ज्ञापन दिया।

# पानी और बिजली के बढ़े दामों पर भड़के पूर्व सैनिक

अल्मोड़ा : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से बैठक की गई। जिसमें पूर्व सैनिकों ने पानी और बिजली के बढ़े दामों पर आक्रोश जताया। एक स्वर में बढ़े दामों को वापस लेने की मांग की। शुक्रवार को परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पहले से ही मंहगाई की मार झेल रहीं जनता की, बिजली और पानी के बढ़े दामों से कमर टूट जाएगी। कहा कि सरकार को आम जनता को ध्यान में रखते हुए बढ़े दामों को तत्काल वापस लेना चाहिए। इसके अलावा पूर्व सैनिकों ने दिल्ली में चल रहे आंदोलन को समर्थन दिया। कहा कि अल्मोड़ा दिल्ली पहुंचकर आंदोलनकारियों को आर्थिक मदद की जाएगी। इसके अलावा पूर्व सैनिकों ने सड़कों में बने गड्ढों को ठीक करने, धारानौला से भी विकास भवन और कलक्ट्रेट को सीटी बस का संचालन करने, शहर में बढ़ते बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष आनंद सिंह बोरा व संचालन नगर संयोजक सुरेंद्र लाल टम्टा ने की। यहां पीजी गोस्वामी, केशव दत्त पांडे, हयात सिंह, गोविंद लाल वर्मा, विनोद गिरी, नरेंद्र कुमार, हरि सिंह, दान सिंह, सुरेश सिंह, रघुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं ने लिया आजीविका से जुड़ने का संकल्प

अल्मोड़ा : ग्रामीण किसान सोसायटी की ओर से ताड़ीखेत ब्लॉक के ग्राम वलना में आयोजित 15 दिवसीय सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम (एमईडीपी) का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 46 महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाओं ने सूक्ष्म उद्यम के माध्यम से आजीविका से जुड़ने का संकल्प जताया। समापन अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम गिरीश पंत ने महिलाओं का उत्सावर्धन करने के साथ विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक गुसाई राम, ग्राम प्रधान राजेंद्र पंत, ग्रामीण किसान विकास सोसायटी के जिला कार्यक्रम समन्वयक गणेश तिवारी, लीडर प्रीति पंत, प्रशिक्षक सीपी पंत सहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं मौजूद रहीं। (एजेंसी)

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष गाबा का किया स्वागत

रुद्रपुर : ऊधम सिंह नगर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा के प्रथम बार खटीमा आगमन पर नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी, नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मानसिंह, बॉबी राठौर, जसविंदर सिंह पप्पू, दान सिंह राणा, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर, कल्पना कन्याल, लीला चंद, राजू सोनकर, राशिद अंसारी, पंकज टम्टा, शांति सामंत, अरविंद कुमार, नासिर खान, संदीप, सीमा, मोहनखेड़ा, कमल, रमेश रौतेला, नवीन राणा, पवन ठाकुर, भरत पांडे, देवेंद्र कन्याल आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# प्रभु यीशू के बताए मार्ग पर चलनें की अपील की

अल्मोड़ा : गुड फ्राईडे का पर्व ईसाई समुदाय की ओर से आस्था पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर नगर व चौबटिया छावनी स्थित मैथोडिस्ट, कैथोलिक गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। प्रभु यीशू का संदेश देने के साथ उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

गुड फ्राईडे पर नगर के ध्योलीखेत स्थित मैथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चर्च के पास्टर ने प्रभु यीशू मसीह द्वारा क्रूस से बोले गए सात वचानों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इस मौके पर गीतों के माध्यम से भी यीशू के बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में केके शेरिंग, सुनील मसीह, अनिल मनी, एचजेबीएस गोरखा, संजय सिंह, हरीश चंद्र मसीह, बरकत मसीह, लॉरेंस मनी, सतीश मसीह, सैम स्मिथ, संदीप गोरखा, विनय मसीह, विपिन मसीह आदि मौजूद रहे। नगर के अलावा चौबटिया स्थित कैथोलिक व मैथोडिस्ट चर्चों में भी विशेष प्रार्थना सभाओं के आयोजन के साथ विभिन्न कार्यक्रम हुए। (एजेंसी)

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पाई शिक्षक की नौकरी, मुकदमा दर्ज



रुद्रपुर : दस्तावेजों में कूट रचना कर नौकरी पाने वाले शिक्षक के खिलाफ उपशिक्षा अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी शिक्षक जांच में दोषी पाया गया था।

वर्ष 2009 से राजकीय प्राथमिक विद्यालय सीतारामपुर में हरनाम सिंह पुत्र राम किशोर सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। आरोप है कि शिक्षक ने नियुक्ति के वक्त वर्ष 1996 की बीए तृतीय वर्ष की अंकतालिका लगा धोखाधड़ी कर शिक्षा विभाग में नौकरी प्राप्त की। उच्चाधिकारियों ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ जांच के आदेश दिये थे। जांच में बीए तृतीय वर्ष की अंक प्रमाण पत्र पर कूटरचित तरीके से धोखाधड़ी कर राजकीय सेवा प्राप्त करना पाया गया। इसके बाद आरोपी शिक्षक को बर्खास्त कर दिया गया। जिला शिक्षाधिकारी ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए। जिसके बाद उपशिक्षा अधिकारी रणजीत सिंह नेगी ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ एसएसपी को कार्रवाई के लिए तहरीर दी। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है। (एजेंसी)

# लाखों का कर्ज लेकर बेच दी बैंक में बंधक संपत्ति

हल्द्वानी। कारोबारी ने कंपनी के नाम पर संपत्ति को बंधक रखकर लाखों का कर्ज लिया। इस बीच कारोबारी ने बंधक संपत्ति बेच दी।

अब शाखा प्रबंधक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक एमबीपीजी कॉलेज के निकट स्थित नैनीताल बैंक के शाखा प्रबंधक की ओर से तहरीर मिली है।

कहना है कि दमुवाढूंगा निवासी भीम सिंह मेर ने जनवरी 2016 में मैसर्स कृष्णा इण्टर प्राईजेज के नाम से कैश क्रेडिट बनाया। कैश क्रेडिट से आरोपी ने 50 लाख रुपये का कर्ज ले लिया। इसके एवज में आरोपी ने अपनी संपत्तियों को बंधक रखा था। कहना है कि 23 मार्च को उनके अधिवक्ता ने बताया कि बंधक रखी गई संपत्ति को विमला मेहरा और राजश्री देवी नामक दो महिलाओं को बेच दिया गया है। जबकि आरोपी ने अब तक कर्ज की धनराशि भी चुकता नहीं की है।

शाखा प्रबंधक ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। एसएस–ाआई विजय मेहता ने बताया कि आरोपी पर धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नगर पालिका में शामिल करने की मांग को लेकर धरना जारी



अल्मोड़ा : रानीखेत छावनी के सिविल एरिया को नगर पालिका में शामिल करने की मांग को लेकर धरना–प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा। गांधी पार्क में 22वें दिन भी तमाम संगठनों के सदस्यों सहित नागरिक और व्यापारी धरने पर डटे रहे। धरना स्थल पर सभा के दौरान आंदोलन में अधिक से अधिक व्यापारियों और आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए धरना–प्रदर्शन का समय परिवर्तन किए जाने पर विचार–विमर्श हुआ। तय किया गया कि इस संबंध में आगामी सोमवार को संयोजक मंडल के मध्य चर्चा के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वक्ताओं ने नागरिकों से एकजुटता के साथ अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में सहभागिता करने का आह्वान किया। धरना–प्रदर्शन में व्यापार मंडल पदाधिकारी, छावनी परिषद के पूर्व सभासद, वृद्धजन उत्थान समिति के सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी, होटल एसोसिएशन पदाधिकारियों सहित राजनीतिक, गैर राजनीतिक संगठनों ने भागीदारी की। (एजेंसी)

# अफसरों पर शासन को गुमराह करने का आरोप लगाया

काशीपुर : नगर पंचायत महुआडाबरा अध्यक्ष ने आकाश-ावाणी केंद्र के अफसरों पर शासन को गुमराह करने का आरोप लगाया है। इस दौरान उन्होंने एससी जाति आयोग अध्यक्ष, शहरी विकास सचिव, निदेशक, राजस्व विभाग सचिव, कुमाऊं आयुक्त, डीएम, प्रसार भारती के अफसरों को पत्र भेजकर आकाशवाणी को भूतपुरी रोड स्थित पंचायत की दूसरी भूमि पर बनवाने की मांग की। कहा स्वीकृत भूमि पर आकाशवाणी बना तो निकाय और बेरोजगारों को नुकसान होगा।

शुक्रवार को नगर पंचायत महुआडाबरा अध्यक्ष गायत्री देवी ने कहा शासन ने नगर पंचायत बोर्ड को सुने बिना ही एक तरफा का-र्रवाई की है। कहा आकाशवाणी को जमीन देने से पहले न तो बोर्ड में प्रस्ताव पास कराया गया और न ही बातचीत की गई। प्रसार भारती ने आकाशवाणी की भूमि की रकम भी शासन को हस्तांतरित कर दी है। उन्होंने कहा प्रसार भारती के उपमहानिदेशक आदित्य चतुर्वेदी ने प्रश्नगत भूमि का समतलीकरण, घेराबंदी, मृदा परीक्षण, डिजिटलीकृत सर्वेक्षण का कार्य कराने की बात कही है। जबकि उक्त भूमि का समतलीकरण, चाहरदीवारी कार्य गत वर्ष बोर्ड के प्रस्ताव के बाद नगर पंचायत ने करा दिया है। कहा आकाशवाणी केंद्र जिस भूमि पर बनाया जाना प्रस्तावित है। उस भूमि पर निकाय ने प्रस्ताव पास कर बेरोजगारों को रोजगार दिलाने को दुकान, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, बारात घर, हाईटेक शौचालय एवं निकाय कार्यालय बनना प्रस्तावित है।

निकाय के पास इन कार्यों के लिए अन्य कोई भूमि नहीं है। पिछले दिनों आकाशवाणी के अफसरों को उन्होंने और ईओ ने नवीन आंवटित भूमि का निरीक्षण करा दिया था। उन्होंने अफसरों पर आरोप लगाया कि नगर पंचायत को सुने बिना एक तरफा निर्णय दे दिया।

## कारोबारी पिता–पुत्र पर मारपीट का आरोप

हल्द्वानी। एक कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर ने आवास विकास निवासी कारोबारी पिता–पुत्र पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित के भतीजे की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। भोलानाथ गार्डन निवासी प्रांजल अग्रवाल का कहना है कि उनके ताऊराधेश्याम अग्रवाल हल्द्वानी में नेस्ले कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर हैं। गुरुवार वह चालक अशोक कुमार के साथ आवास विकास गए थे। इस दौरान आरोपी संजय मेहंदीरत्ता एक कैंटर से कंपनी का सामान उतरवा रहे थे। ताऊ ने स्वयं को शहर का एक मात्र डिस्ट्रीब्यूटर बताते हुए वाहन में लदे माल की वीडियो बना ली।

# उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ का हुआ तृतीय प्रांतीय अधिवेशन

हल्द्वानी। उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ का तृतीय प्रांतीय अधिवेशन हुआ। इसमें हटाए गए कर्मचारियों को समायोजित करने के अलावा आठ सूत्रीय मांगों का समाधान करने की मांग उठाई गई। शुक्रवार को एमबीपीजी कॉलेज सभागार में आयोजित अधिवेशन का शुभारंभ सीएम प्रतिनिधि के रूप में मौजूद लालकुआं विधायक मोहन बिष्ट, विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल कुमार ह्यडब्बू, डॉ. एनएस बनकोटी ने किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि उपनल कर्मचारी प्रदेश की रीढ़ हैं, जिन्हें हटाया जाना कहीं न कहीं दुखद है। आश्वासन दिया कि जल्द ही जायज मांगों को पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गुसाईं ने हटाए गए कर्मचारियों के समायोजन के अलावा अन्य लंबित मांगों के समाधान की मांग की। इस दौरान नीरज हेड़िया, मनोज गड़कोटी, अचल वर्मा, योगेश भाटिया, नरेश थपलियाल, अनिल कोठियाल सहित प्रदेशभर के उपनल कर्मी मौजूद रहे।

**उपनल कर्मियों ने रखीं ये मांगें:**

– सेवा समाप्ति करने के बजाए हटाए गए कर्मियों को समायोजित करें

– प्रोत्साहन भत्ते के समायोजन के साथ मासिक वेतन में 20 फीसदी बढ़ोतरी

– कर्मचारियों को शैक्षिक योग्यता के आधार पर पदोन्नत किया जाए

– विभाग व उपनल के बीच 11 माह के अनुबंध को समाप्त किया जाए

– कर्मचारियों को वेतन दिए जाने का दिवस निर्धारित किया जाए

– अवकाश शेष रहने पर अगले वर्ष समायोजित करने की योजना बनाई जाए

– सेवाकाल में मौत होने पर आश्रितों को नौकरी व सहायता राशि दी जाए

– कोर्ट में विचाराधीन एसएलपी वापस लें और नियमितीकरण नियमावली बनाएं

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पर फिर जताया भरोसा

इस दौरान कार्यकारिणी गठन में एक बार फिर से अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरन भट्ट पर भरोसा जताया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष नवीन कापड़ी व मनोज कुमार, महामंत्री प्रमोद गुसाई, कोषाध्यक्ष तेजा सिंह बिष्ट, मंत्री त्रिभुवन बसेड़ा व प्रगति जोशी, संयुक्त मंत्री संजय चौहान व श्याम मेवाड़ी, संगठन मंत्री विनोद बिष्ट, प्रचार मंत्री सदीप कुमार, प्रवक्ता मनोज गड़कोटी, सलाहकार मनोज जोशी, संरक्षक गणेश गोस्वामी और कार्यकारी सदस्य अनिल कोठियाल व जगवेंद्र पंवार को बनाया गया है।

# फारेस्ट गार्ड लिखित परीक्षा के दौरान डयूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसएसपी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : रविवार को जिले में होने वाली उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की फारेस्ट गार्ड लिखित परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। एसएसपी ने लिखित परीक्षा को नकल विहीन बनाने को लेकर बैठक में सभी थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए। एसएसपी ने परीक्षा डयूटी में तैनात जवानों को तय समय पर डयूटी स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा के दौरान डयूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने बताया कि जिले के 44 परीक्षा केंद्रों में यह परीक्षा की जाएगी। बताया कि पौड़ी के 9, श्रीनगर के 13 और कोटद्वार के 22 परीक्षा केंद्रों में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। एसएसपी ने कोटद्वार, श्रीनगर व पौड़ी के थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में फारेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान राउंड पर रहने के निर्देश दिए। एसएसपी ने एलआईयू इंस्पेक्टर को परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियों की चेकिंग करते हुए लोक सेवा आयोग द्वारा प्रतिबंबधित मोबाइल, फोन, बटन, कैमरा, ब्लूटूथ, पैन कैमरा आदि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा केंद्रों में शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए।

## प्रभावित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिया जाए

चमोली : नन्दप्रयाग में आग लगने से दुकानों को हुए भारी नुकसान को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने दुकानदारों को मुआवजा देने के संबंध में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तेजवीर कंडारी ने कहा कि नन्दप्रयाग बगड़ में गुरुवार को सुबह 4:00 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने के कारण 5 दुकानें जलकर राख हो गयी हैं।

जिसमें 1 होटल, 1 स्टोर, 1 कॉस्मेटिक की दुकान, 1 सब्जी की दुकान और 1 मोबाइल कंप्यूटर कॉम्युनिकेशन की दुकान को भारी नुकसान हुआ है। कहा कि पांचों दुकानदारों को उचित मुवावजा दिया जाय। (एजेंसी)

# गुरिल्लाओं ने दी यात्रा मार्गों पर चक्काजाम करने की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : एसएसबी स्वयंसेवक कल्याण समिति (प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन) की यहां बैठक आहुत की गई। जिसमें गढ़वाल मंडल के कई जिलों के गुरिल्लाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर गुरिल्लाओं ने कहा कि यदि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से उनकी लंबित मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो वह चार धाम यात्रा के दौरान यात्रा मार्गों पर चक्काजाम करने को विवश हो जाएंगे। प्रशिक्षित गुरिल्लाओं ने चक्का जाम से पूर्व सभी जिला मुख्यालयों पर रैली और प्रदर्शन करने के साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान उनका समर्थन न करने वाली पार्टियों का घोर विरोध करने का निर्णय लिया।

शुक्रवार को काली कमली धर्मशाला में एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी की अध्यक्षता में प्रशिक्षित गुरिल्लाओं की बैठक हुई। बैठक में डालाकोटी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी मांगों के लिए 16 वर्षों से आंदोलित हैं। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा विपक्ष में थी तब उन्होंने गुरिल्लाओं की मांगों का समर्थन किया। लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा के सांसद उनकी मांगों के प्रति मौन साधे हैं।

गुरिल्लाओं ने सत्यापन से वंचित लोगों का सत्यापन करवाने, समायोजन के लिए एसएसबी द्वारा 9 मई 2011 को केंद्र को भेजी गई सिफारिशों के अनुरूप कार्रवाई करने, उत्तराखंड सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए शासनादेशों पर कार्रवाई कर मंत्रीमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों को लागू करने की मांग की है। कहा कि सरकार की ओर से मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो जिला मुख्यालयों पर धरना, प्रदर्शन और रैली आयोजित की जाएंगी। इसके बाद भी सरकार ने चुप्पी नहीं तोड़ी तो चारधाम यात्रा के दौरान यात्रा मार्गों पर जगह-जगह जाम लगाया जाएगा। साथ ही चुनाव के दौरान जन जागरूकता के लिए विरोध अभियान चलाया जाएगा। बैठक में समिति के पौड़ी जिलाध्यक्ष मान सिंह नेगी, टिहरी से दिनेश गैरोला, मंडल अध्यक्ष कुशाल सिंह पंवार, लक्ष्मण सिंह रावत, मनवीर सिंह, महिपाल सिंह, आनंद सिंह नेगी, वेद प्रकाश रतूड़ी, वृजमोहन गुसांई, अनिल भट्ट, कीर्ति सिंह कैंतुरा, संत लाल, गीता देवी, सीता रावत, जगदीश सेमवाल, लक्ष्मी भट्ट, जसवंती देवी, अनिता भंडारी, रविता राणा, कमलेश मिश्रा, सरिता पोखरियाल, मान सिंह, हरीश चंद्र व विनोद कुमार, धर्म सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# स्थानान्तरण पर प्रधानाचार्य नौटियाल को दी विदाई

श्रीनगर गढ़वाल : सरस्वती शिशु मंदिर श्रीनगर के प्रधानाचार्य मदनमोहन नौटियाल के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने उन्हें विदाई दी। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवक संघ के जिला संघ चालक देवानंद बहुगुणा ने प्रधानाचार्य नौटियाल के कार्यकाल की प्रशंसा की। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्रीकोट के भीमराज बिष्ट ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर श्रीनगर के नवनियुक्त प्रधानाचार्य गोविंद सिंह बिष्ट ने आने वाले समय में विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में विद्या मंदिर श्रीनगर के प्रधानाचार्य मुकेश मैठाणी, संजय ममंगाई, जय सिंह नेगी, तृप्ति भास्कर, आसाराम बंगवाल, राकेश चमोली, पीयूष, ओम प्रकाश उपाध्याय, पुष्कर सिंह, गजपाल सिंह, कपिलपाल, प्रदीप खंकरियाल, सुरेश पोखरियाल, भक्तिराम नैथानी, राजेंद्र पुरोहित, विनय रतूड़ी, उपेंद्र सेमवाल, मोनिका पांडे, मोनिका, राकेश सेमवाल, दिनेश असवाल एवं विद्यालय के व्यवस्थापक प्रदीप मल्ल, विक्रम सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मरीजों को बांटे फल

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा महिला मोर्चा की ओर से सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को उप जिला अस्पताल श्रीनगर में फल वितरण एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदेश मंत्री अनीता बुड़ाकोटी के नेतृत्व में मरीजों को फल वितरित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर प्रीति गोस्वामी,उमा गुनसोला, कमला पंवार, प्रीति बडोनी, मोनिका कंडारी, रेनू सुंदरियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# न्यायालय के आदेश पर कारीगर की मौत मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीकोट गंगानाली स्थित एक मिष्ठान भंडार के कारीगर की मौत के मामले में पुलिस ने दुकान स्वामी और एक अन्य कारीगर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने यह मुकदमा पंजीकृत किया है। यह मामला करीब 11 माह पूर्व का है।

कोतवाली निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि 18 मई 2022 को कोतवाली श्रीनगर के अंतर्गत श्रीकोट स्थित एक स्वीट शॉप के कारीगर पंकज कुमार पुत्र बलवीर सिंह निवासी जिला बिजनौर के 53 जटपुरा भौडा मंडावली, नजीबाबाद उत्तर प्रदेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस की ओर से मृतक का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही विसरा जांच के लिए लैब में भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में संदेहजनक न पाए जाने पर पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की, लेकिन मृतक के भाई विकास कुमार ने इसे हत्या का मामला बताते हुए दुकान स्वामी और कारीगर पर हत्या का आरोप लगाते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर में अपील की। इस मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पप्पू चौहान व महेंद्र पंडित के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की विवेचना वरिष्ठ उप निरीक्षक संतोष पैंथवाल द्वारा की जा रही है। (एजेंसी)

# 50 और 100 मी. दौड़ में रितेश ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : डॉ. भीमराव आंबेडकर चेतना समिति कीर्तिनगर/श्रीनगर की ओर से भीमराव आंबेडकर जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एनआईटी मैदान मे ऐथेलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्राथमिक वर्ग बालक की 50 मी. और 100 मी. दौड़ में रितेश, बालिका वर्ग में इशिका बिष्ट प्रथम रहीं। जूनियर वर्ग की 100 मी. दौड़ में अमित सिंह और बालिका वर्ग में दीपिका, 200 मी. दौड़ में बालक वर्ग में आयुष और बालिका वर्ग में कामिनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग की 400 मी. दौड़ में अंकित प्रथम, सीनियर वर्ग की 800 मी. दौड़ में धीरज रावत, 400 मी. में अमित सिंह, 100 मी. में श्रवण रावत प्रथम रहे। सीनियर बालिका वर्ग की 100 व 200 मी. दौड़ में आयुषी प्रथम रही। प्रतियोगिता में समिति के अध्यक्ष मंगत मठियाल, डा. आलोक गौतम, आशीष शाह, जगदीश वर्धन, ललित बिष्ट, सुनीता बिष्ट, जगमोहन मठियाल, अनीता देवी, सुरजीत कोहली, संजय कुमार फौजी, देवेंद्र गौड़ आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# स्वास्थ्य आम जनमानस का मूल आधार : रावत

श्रीनगर गढ़वाल : वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सौजन्य से हेल्थ फॉर ऑल की थीम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य को मूल आधार मानते हुए आम जनमानस को प्राथमिक हेल्थ केयर के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज की कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की एचओडी डॉ. जानकी बर्त्वाल ने कहा कि स्वास्थ्य में कोई जाति, धर्म या लिंग नहीं देखा जाता है, स्वास्थ्य आम जनमानस का मूल आधार है। इसके लिए सभी को प्राथमिक हेल्थ केयर के तहत अपना रहन-सहन और खान-पान की आदातों में सुधार लाना जरूरी है। कहा कि नशा जीवन का नाश करता है, इसलिए सभी को नशे का त्याग करना होगा। कहा कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन के तहत 10 अप्रैल को एमबीबीएस छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। इस मौके पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉ. सुमित कुमार सहित पीजी एवं यूजी के एमबीबीएस छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सूरज गिरी और प्रवेश बर्तवाल बने महामंत्री

नई टिहरी : भाजयुमो नई टिहरी के मंडल अध्यक्ष नीरज गिरी ने भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल और मंडल अध्यक्ष गोपीराम चमोली सहित उच्च पदाधिकारियों की संस्तुति पर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष शिवानी मनवाल, विपिन जोगियाल और हिमांशु गुनसोला। मंत्री प्रियांशु जोशी, अमन गुप्ता व वासुदेव रतूड़ी। महामंत्री सूरज गिरी और प्रवेश बर्तवाल। सोशल मीडिया प्रभारी दिव्यांशु उनियाल, मीडिया प्रभारी दीपक उनियाल और कोषाध्यक्ष सौरभ शाह को बनाया है। (एजेंसी)

# तीन दिन के अंदर सड़कों से निर्माण सामग्री हटा लें

श्रीनगर गढ़वाल : आगामी यात्रा सीजन में राजमार्ग पर अवैध रूप से रखी गई निर्माण सामग्री मिलने पर एनएच लोनिवि की ओर से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस संदर्भ में राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोक निर्माण विभाग श्रीनगर के अधीन राष्ट्रीय राजमार्गों में अवैध रूप से रखी निर्माण एवं अन्य सामग्री नहीं हटाए जाने पर विभाग द्वारा कार्यवाही किए जाने का नोटिस जारी किया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोक निर्माण विभाग श्रीनगर के अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि विभाग के अधीन राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 (चंद्रभागा पुल ऋषिकेश से रुद्रप्रयाग बाजार), राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 119 (सतपुली से श्रीनगर चुंगी) एवं राजमार्ग संख्या 707 (नई टिहरी डाईजर से मलेथा) में रूप से निर्माण एवं अन्य सामग्रियां न रखी जाएं। निर्माण सामग्री रखने से राजमार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण यातायात बाधित हो रहा है। जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मोटर मार्ग के किनारे अवैध रूप से रखी निर्माण एवं अन्य सामग्रियों को 3 दिन के अंदर हटा लिया जाए। यदि 3 दिनों के अंदर कोई व्यक्ति इन सामग्रियों को नहीं हटाता है तो जिला प्रशासन का सहयोग लेकर शीघ्र सामग्री हटा ली जाएगी एवं इसकी भरपाई संबंधित व्यक्ति से ही की जाएगी। (एजेंसी)

# फूल मालाओं के साथ किया नये छात्रों का स्वागत

रुद्रप्रयाग : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने परिषदीय परीक्षा की समाप्ति के बाद विद्यालय में नए सत्र 2023-24 के शुभारम्भ को प्रवेशोत्सव के रूप में मनाया। विद्यालय में विधिवत हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वन्दना के साथ किया गया। हवन में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा आहुतियां दी गई। इसके बाद विद्यालय में नये सत्र में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत फूल मालाओं और स्मृति चिह्न देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य सुनील बमोला द्वारा किया गया। जबकि हवन विद्यालय के आचार्य सुरेश चन्द्र शर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य गंगा दत्त जोशी द्वारा संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि मोहन उनियाल द्वारा सभी छात्र छात्राओं को नए सत्र में नई कक्षा में प्रवेश लेने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी गई। साथ ही अन्य विद्यालयों से अपने विद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र छात्राओं के लिए अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के माध्यम से कुछ आवश्यक सूचनाएं दी गई। कार्यक्रम का समापन शान्ति मंत्र के साथ किया गया। (एजेंसी)

## छात्रों ने किया टिहरी और सुरकंडा का भ्रमण

रुद्रप्रयाग : राजकीय महाविद्यालय जखोली भूगोल विभाग के बीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने टिहरी झील, धनोल्टी, सुरकंडा सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों का दो दिवसीय भ्रमण किया। भौगोलिक एवं शैक्षणिक भ्रमण भूगोल विभाग के प्रभारी डा. नंदलाल के निर्देशन में किया गया।

भूगोल विभाग के टीम प्रभारी डा. नन्दलाल ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं ने टिहरी गढ़वाल के टिहरी झील, चंबा, डोबराचाटी पुल, चौपड़याल गांव, जड़ी पानी, काणा ताल, कद्दूखाल, सुरकंडा एवं धनोल्टी आदि स्थलों का शैक्षिक भ्रमण कर भौगोलिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं अन्य मानवीय क्रिया कलापों व रीति-रिवाजों की विस्तृत रूप में जानकारियां हासिल की हैं।

## पर्यटकों से गुलजार रहा चकराता बाजार

विकासनगर। लंबे समय बाद शुक्रवार को चकराता क्षेत्र व बाजार पर्यटकों से गुलजार नजर आया। पर्यटकों के चकराता आने पर क्षेत्र के पर्यटन कारोबारियों व होटल व्यवसाइयों के चेहरों पर रौनक नजर आई। पर्यटक दिन भर चकराता की खूबसूरत वादियों घूमते फिरते व लुत्फ उठाते नजर आये। जनवरी के बाद से चकराता क्षेत्र में पर्यटन व्यवसाय ठप पड़ा हुआ था।

वीकेंड पर भी इक्का–दुक्का पर्यटक ही चकराता पहुंच रहे थे, लेकिन आज गुड फ्राइडे और दूसरे शनिवार और रविवार की छुट्टी होने पर अच्छी संख्या में चकराता में पहुंचे जिसके चलते पर्यटकों से चकराता बाजार व आसपास के पर्यटन स्थल गुलजार नजर आये। पर्यटकों ने चकराता के पास सनसेट प्वाइंट, टाईगर फॉल, लोखंडी, कनासर पहुंच प्रकृति के सुंदर नजारों का आनंद उठाया। आज सुबह से खिली चटक धूप व साफ मौसम से चकराता बाजार से दिख रहा बर्फ से ढका हिमालय भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है

। बर्फ से लकदक हिमालय की सुंदरता देखते ही बन रही है व प्रकृति के इस नजारे को देख पर्यटक भी अभिभूत नजर आए। दिनभर चकराता की खूबसूरत वादियों को निहारते रहे पर्यटक जमकर लुफ्त उठाते रहे। इस दौरान पर्यटक यहां की खूबसूरत वादियों को अपने मोबाइल फोन के कमैरों में कैद करने के साथ जमकर प्रकृति के नजारों के साथ अपनी फोटो खींचने के साथ ही सेल्फी लेती नजर आये। पर्यटकों ने चकराता बाजार में लोकल उत्पादों बुरांस स्क्वेश, अखरोट, राजमा, लाल चावल दालों आदि की भी जमकर खरीदारी की।

## शहीद टीकम की पत्नी को मिलेगी सरकारी नौकरीः जोशी

विकासनगर। शहीद टीकम की पत्नी को राज्य सरकार नौकरी देगी। इसके साथ ही शहीद के गांव के आसपास के किसी एक सरकारी संस्थान का नामकरण शहीद के नाम पर किया जाएगा। राजावाला–पौडवाला स्थित शहीद के आवास पर पहुंचकर काबिना मंत्री परिजनों को सांत्वना दी। शहीद की माता से बात करते हुए उनकी आंखें भी नम हो गई।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहीद के परिजनों को हर संभव सहायता मुहैया कराएगी। शहीदों के परिजनों के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चला रही है। कहा कि शहीद का बलिदान देश पर हमेशा कर्ज रहता है। इस बलिदान को किसी सम्मान या आर्थिक सहायता नहीं आंका जाता है। शहीद के परिजनों की सहायता करना सरकार के साथ ही समाज का भी दायित्व है। काबिना मंत्री ने कहा कि शहीद की पत्नी दीप्ति नेगी को जल्द ही सरकारी नौकरी मिलेगी। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सुखदेव फर्सवाण, मंडल अध्यक्ष पिंकी देवी, कविता छेत्री आदि मौजूद रहे।

## रायवाला और श्यामपुर फाटक पर जाम की समस्या होगी दूर

ऋषिकेश। कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को रायवाला और श्यामपुर फाटक पर लगने वाले जाम की समस्या से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने मामले में सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। शुक्रवार को कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल हाईवे पर श्यामपुर एवं रायवाला, प्रतीतनगर गांव की ओर रेलवे फाटक से आम जनता को कठिनाइयों का सामना लंबे समय से करना पड़ रहा है। बीते चार मार्च को भी उनके ऋषिकेश आगमन पर भी इस समस्या को रखा गया था। वर्तमान समय में कई वाहनों का ऋषिकेश से हरिद्वार की ओर आवागमन रहता है। साथ ही ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का काम भी प्रगति पर है। ऐसे में भविष्य में कई रेल गाड़ियों का आवागमन इस मार्ग से ओर बढ़ेगा। कहा कि चारधाम यात्रा, कांवड यात्रा सहित तीर्थयात्री, पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों के आवागमन के कारण इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव रहता है। ऐसे में रेलवे फाटक बंद होने से दोनों ओर सैंकड़ों गाड़ियां रूक जाती हैं, जिससे रेल गाड़ी जाने के बाद घंटों तक यातायात बाधित रहता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने आश्वासन देते हुए कहा कि श्यामपुर फाटक पर आरओबी बनाया जाएगा। उन्होंने रायवाला फाटक पर राज्य सरकार की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया।

# कांग्रेसियों ने खैट पर्वत पर किया सत्याग्रह, पूछे सवाल

नई टिहरी : राहुल गांधी के समर्थन में समुद्रतल से 10 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित खैट पर्वत पर पहुंचकर कांग्रेसियों ने जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया। खैट पर्वत पर पूजा-अर्चना व हवन करने के बाद कांग्रेसियों ने जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की शुरूआत करते 1100 पोस्ट कार्डों की मदद से कई सवाल प्रधानमंत्री से पूछे। यहां पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के समर्थन और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत आवाज बुलंद की। जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के टिहरी जिले के समन्वयक प्रतापनगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी और सह समन्वयक प्रदेश महामंत्री शान्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों में सस्ती शराब और महंगा राशन, महंगी रसोई गैस, महंगी दवाइयां, महंगी किताबें, महंगी बिजली–पानी और गड्ढा युक्त सड़कें भाजपा की देन है। इसी खैट पर्वत में बैठकर प्रधानमंत्री मोदी को 1100 पोस्टकार्ड लिखकर सवाल कर रहे हैं। इसमें देश व प्रदेश को लेकर कई सवाल पूछे गए हैं। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, सह समन्वयक शान्ति प्रसाद भट्ट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा, कार्यक्रम आयोजक ब्लाक अध्यक्ष रजाखेत मान सिंह रौतेला, जसवीर नेगी, पूर्व प्रमुख विजय गुनसोला, एडवोकेट आनद सिंह बेलवाल, जयवीर सिंह रावत, कुलदीप पंवार, मुरारीलाल खंडवाल, सबल सिंह राणा आदि अन्य मौजूद रहे। (एजेंसी)

## शराब की दुकान निरस्त करने की मांग की

चमोली : प्रधान संघ ने देवाल में अंग्रेजी शराब की दुकान को निरस्त करने की मांग की। तहसीलदार प्रदीप नेगी के माध्यम से सीएम को भेजे ज्ञापन में कहा गया कि देवाल में अंग्रेजी शराब की दुकान मुख्य बाजार में संचालित की जा रही है। उसके सामने से विद्यालय के बच्चों का आना-जाना होता है। स्टेट बैंक व सहकारी बैंक भी दुकान के पास हैं। शराब की दुकान बाजार में होने से यहां शराबियों का हुड़दंग रहता है। शराब विक्रेताओं द्धारा बच्चों को भी शराब की बोतल बेची जाती, जिससे युवा पीढ़ी भी नशे का शिकार हो गए हैं। कहा कि इससे पूर्व भी प्रधानों व क्षेत्र की जनता ने प्रशासन से यहां पर शराब का टेंडर नहीं करने की अपील की थी। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, भवानीदत्त जोशी, मनोज कुमार ने देवाल में शराब की दुकान निरस्त न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। (एजेंसी)

## डीएम आज लेगें केदारनाथ धाम का जायजा

रुद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित शनिवार को केदारनाथ पैदल मार्ग और धाम का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान बीकेटीसी के साथ ही यात्रा से जुड़े विभागीय अफसर उनके साथ मौजूद रहेंगे। आगामी 25 अप्रैल से शुरू हो रही केदारनाथ धाम की यात्रा को देखते हुए जिलाधिकारी का यह निरीक्षण काफी महत्वपूर्ण है। इसके बाद यात्रा तैयारियों के लिए महज 17 दिन ही शेष रह जाएंगे। ऐसे में अब युद्ध स्तर पर तैयारियां की जानी हैं। हालांकि जिलाधिकारी का यह निरीक्षण पहले ही हो जाना था किंतु अधिक बर्फबारी और मौसम खराब होने के चलते पैदल मार्ग बंद होने से केदारनाथ पहुंचना कठिन था। अब, डीएम के निरीक्षण के साथ ही लिंचौली से केदारधाम तक यात्रा तैयारियों ने तेजी पकड़ ली है। (एजेंसी)

# भोजनमाताओं को मिलेगी फास्टेक ट्रेनिंग

नई टिहरी : जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक एडीएम केके मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विगत वर्ष के कार्य-कलापों पर चर्चा की गई। जिला खाद्य अभिहित अधिकारी एमएन जोशी ने बताया कि जनपद क्षेत्रान्तर्गत सुरकंडा माता मन्दिर में लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन बनवा दिये गये हैं।

फॉस्टेक ट्रेनिंग भी करवा दी गई है। निरीक्षण कर जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी गयी है। हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बीपुरम में भी खाद्य सुरक्षा एजेन्सी द्वारा निरीक्षण कर जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है। पुलिस लाइन चम्बा में फॉस्टेक प्रशिक्षण को एसएसपी कार्यालय से समय व तिथि निर्धारण को पत्र व्यवहार किया जा चुका है। इस अवसर पर एडीएम ने फूड फोर्टिफिकेशन को जनपद में संचालित पोषण योजना से सम्बन्धित विभागों खाद्य निर्माण इकाइयों एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर कार्यशाला आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। भोजन माताओं को फास्टेक ट्रेनिंग दिये जाने को शिक्षा विभाग को सूची तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति के नामित सदस्य ज्योति भट्ट ने मांग की, कि जिस दुकानदार के नाम से लाइसेंस जारी होता है। उसका नाम दुकान के सूचना पट्ठ पर चस्पा हो। जिसक अनुपालन करवाने के एडीएम ने निर्देश दिए। बैठक में एसीएमओ एलडी सेमवाल, डीएसओ अरुण वर्मा, डीएसटीओ साक्षी शर्मा, डीटीडीओ अतुल भण्डारी, डीईओ वीके ढौंडियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सिमली गांव के लिए सड़क निर्माण की उम्मीद जगी

चमोली : विकासखंड के सिमली गांव के लिए सड़क निर्माण की उम्मीद जग गई है। यहां स्वीकृत सड़क के लिए शासन ने वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिससे नैनीताल हाईवे पर सिमली बाजार से सिमली गांव तक सड़क निर्माण हो सकेगा। यही नहीं कपीरी क्षेत्र के किमोली गांव में स्थित प्रसिद्ध श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर तक बनी सड़क जल्द पक्की होगी। इस सड़क के डामरीकरण के लिए शासन ने एक करोड़ 5 लाख 42 हजार के करीब धनराशि स्वीकृत की है। सिमली के ग्रामीण लंबे समय से सड़क की मांग कर रहे थे। करीब एक किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने से अब लोगों को एक किमी की पैदल दूरी नहीं नापनी होगी। वहीं लक्ष्मी नारायण मंदिर और किमोली गांव को जोड़ने वाली सड़क के पक्की होने से भी लोगों को लाभ मिलेगा। कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने बताया कि विधानसभा में विभिन्न सड़कों पर लंबे समय से पुलों की स्वीकृति लंबित थी। ऐसे में नौटी–पैठाणी और नौटी–आदिबदरी सहित सिदोली और अन्य सड़कों पर 15 पुलों की स्वीकृति मिली है।

## पुलिस ने 10 मकान मालिकों के किये चालान

नई टिहरी : नरेंद्रनगर पुलिस ने नगर क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर 10 मकान मालिकों के चालान किये। नरेन्द्रनगर थानाध्यक्ष नदीम अतहर ने बताया नगर क्षेत्र में पुलिस टीम ने किरायेदार सत्यापन प्रक्रिया के तहत 10 मकान मालिकों के दस-दस हजार रुपये के चालान किये, जिसके तहत कुल एक लाख रुपये धनराशि के चालान हुये। साथ ही भविष्य में बिना सत्यापन के किसी भी किरायेदार न रखने की हिदायत दी गई। टीम एसएसआई सचिन पुंडीर, योगेश पांडे आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# जोशीमठ में आज होगी मैराथन

चमोली : सुरक्षित जोशीमठ का संदेश देने के लिए जोशीले जोशीमठ की थीम के साथ 8 व 9 अप्रैल को औली जोशीमठ में मैराथन का आयोजन किया जा रहा है।

दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतिस्पर्धा का आयोजन स्कीइंग एण्ड माउन्टेनिरिंग संस्था एवं स्काई रनिंग एसोसिएशन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। आयोजन समिति के अजय भट्ट एवं राकेश रंजन भिलंगवाल ने बताया कि आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं व पहली बार इतने बड़े स्तर में मैराथन की दो प्रतियोगिताएं स्काई रनिंग और स्काई अल्ट्रा रनिंग एक साथ उच्च हिमालयी क्षेत्र में आयोजित होने जा रही। अभी तक 250 से अधिक खिलाडियों अपना पंजीकरण करवा चुके है। आयोजक समिति के अजय भट्ट ने बताया कि मैराथन में उत्तराखंड के अतिरिक्त यूपी, दिल्ली, उड़ीसा, हिमाचल, बिहार, नेपाल के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। मैराथन रेस हनुमानचट्टी से शुरू होकर जोशीमठ नगर, सुनील गांव होते हुए औली पहुंचेगी और खिलाड़ी 48 किमी. की दूरी तय करेंगे। पांच विजेताओं को संस्था द्वारा पुरस्कृत भी किया जायेगा। (एजेंसी)

**सफाई अभियान चलाया**

मैराथन को लेकर नपा जोशीमठ के सफाई कर्मियों की विविध टीमों ने लामबगड़ से औली तक की 48 किमी. सड़क में सफाई अभियान चलाया। नपा अध्यक्ष शैलेन्द्र पंवार ने कहा कि मैराथन के दौरान सड़क मार्ग पत्थर कंकड़ विहीन रहे इसे लेकर पालिका के सफाई कर्मियों ने पूरे सड़क मार्ग को साफ किया है ,कहा कि बाहर से आने वाले मैराथन खिलाड़ी एक अच्छी अनुभुती लेकर अंतिम पालिका से जांयें यह उनका प्रयास है। (एजेंसी)

## तेज़ी से बढ़ रहे कोरोना के मामले, 24 घंटे में निकले 5 हजार से अधिक केस

**नईदिल्ली ,एजेंसी** । भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 6,050 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,45,104 हो गई है। पिछले 203 दिन में सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। अब उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 28,303 पर पहुंच गई है। देश में पिछले साल 16 सितंबर को संक्रमण के 6,298 दैनिक मामले सामने आए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में तीन, कर्नाटक तथा राजस्थान में दो–दो और दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर तथा पंजाब में एक–एक मरीज की मौत के बाद देश में संक्रमण से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,943 हो गई।

साथ ही, संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में एक नाम और जोड़ा है। इस आंकड़े के मुताबिक, देश में अभी 28,303 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.6 प्रतिशत है।

## ट्रेन में आग लगाने का आरोपी न्यायिक हिरासत में

**कोझिकोड, एजेंसी।** केरल के कोझिकोड में चलती ट्रेन में यात्रियों पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाने के आरोपी शाहरुख सैफी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मुंसिफ मजिस्ट्रेट जज ने कहा कि आरोपी शाहरुख सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सा उपचार के अधीन रहेगा। बता दें कि मामले में आगे की कार्रवाई के लिए शहर के पुलिस आयुक्त राजपाल मीणा और मुंसिफ मजिस्ट्रेट जज सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, जहां कोझिकोड ट्रेन अग्निकांड का आरोपी शाहरुख सैफ ी भर्ती है। आरोपी शाहरुख को महाराष्ट्र की एटीएस ने केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए की सहायता से गिरफ्तार किया था। उसे महाराष्ट्र के रत्नागिरी से पकड़ गया था। इसके बाद एटीएस ने आरोपी को केरल पुलिस को सौंप दिया। जांच एजेंसी का कहना है कि इस घटना के पीछे कोई आतंकी साजिश भी हो सकती है।

## अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता किरण कुमार रेड्डी ने भाजपा का दामन थाम लिया । दक्षिण भारत में लगातार कांग्रेस पार्टी कमजोर होती जा रही है क्योंकि पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने भी भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। किरण रेड्डी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विकास की गंगा बह रही है। रेड्डी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अगुवाई में पार्टी के एक आम कार्यकर्ता के रूप में जनता की सेवा करूंगा । किरणह्य् रेड्डी को बीजेपी के महासचिव पहलाद जोशी के लक्ष्मण और आंध्र प्रदेश के महामंत्री विष्णु वर्धन ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई।

अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीतियों से प्रभावित होकर किरण रेड्डी ने भारतीय जनता पार्टी में आकर जनता की सेवा करने का मन बनाया है। किरण कुमार रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र की अगुवाई में जिस तरह से देश में विकास कार्य हो रहे हैं जल्द ही भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। किरण रेड्डी तेलंगाना राज्य घोषित होने के बाद कांग्रेस पार्टी का दामन छोड़ दिया था ।

# जब जल उठा था मेरठ का मलियाना, नरसंहार के 36 साल बाद भी नहीं मिला इंसाफ!

**नई दिल्ली, एजेंसी** । साल 1987 का वो काला दिन जब मेरठ में भयानक संप्रदायिक दंगों ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। दरअसल, मेरठ में 22 मई को इस कत्लेआम की शुरुआत उस समय हुई, जब हाशिमपुरा में 42 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया।

इसके एक दिन बाद ही मेरठ का बाहरी गांव मलियाना मानो आग की लपटों से घिर गया। लोगों के सामने उनके घरों को आग के हवाले कर दिया गया। कई लोगों को जिंदा गोली से भून दिया गया। मेरठ में हुए इस दंगे और नरसंहार के 36 साल बाद जब आरोपियों को लेकर फैसला आया तो कोर्ट ने सभी को बरी कर दिया और पीड़ितों के जख्म फिर से ताजा कर दिए। आखिर ये नरसंहार क्यों हुआ, आइए जानें इसकी पूरी कहानी...

मेरठ में हुए नरसंहार की कहानी का बीज उसी दिन पड़ गया था, जब 1986 में तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने बाबरी ढांचे के दरवाजे खोलने का आदेश दिया। इस फैसले से पूरे देश की राजनीति मानो हिल गई और यहीं से यूपी का माहौल बिगड़ने लगा। फैसले के बाद राज्य में छिटपुट दंगे होने लगे।

केंद्र के इस फैसले के एक साल बाद मेरठ में तेजी से दंगों की घटनाएं होने लगी। मेरठ में 14 अप्रैल को शब–ए–बारात के दिन शुरू हुए दंगे में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के 12 लोग मारे गए। धार्मिक उन्माद की घटनाएं अपने चरम पर आ पहुंची। मेरठ के कई इलाकों में लोगों के घर, दुकानों को जला दिया गया। हत्या और लूट की वारदात आम होने लगी। हालात बेकाबू होते देख प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने शहर में कर्फ्यू लगाया और सेना के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया और स्थिति काबू कर ली गई।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इन दंगों में 174 लोग मारे गए और 171 लोग घायल हुए। इसी के साथ शहर को करोड़ों का आर्थिक नुकसान हुआ। बता दें कि इस दंगों के दौरान केंद्र में राजीव गांधी और प्रदेश में भी कांग्रेस के वीर बहादुर सीएम थे।

शब–ए–बारात के एक महीने बाद मई में फिर से दंगे हुए,



लेकिन दंगों पर काबू पाने के लिए मेरठ के कई इलाकों में पुलिस, सेना, प्रोविंशियल आ र्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) को तैनात कर दिया गया। इस बीच, आरोप है कि 19 मई को पीएसी और पुलिस के सेना ने हाशिमपुरा मोहल्ले में जांच अभियान चलाया। इस सर्च अभियान में भारी मात्रा में असला–बारूद मिले। इसके बाद सैंकड़ों लोगों को पकड़ा गया और सड़क पर लाइन से खड़ा कर दिया गया।

इनमें से किशोरों, युवकों और बुजुर्गों समेत कुछ 50 लोगों को ट्रक में भरकर पुलिस लाइन लेजाआ गया। आरोप है कि इस बीच दिल्ली रोड पर जैसे ही ट्रक मुरादनगर गंग नहर पहुंचा, लोगों को उतारकर पीएसी के जवानों ने गोली मारकर शवों को गंगनहगर में फेंक दिया। 42 लोगों को चुन–चुन कर मार दिया गया और 8 लोग बचकर भाग निकले। इन बचे लोगों में से एक पीड़ित बाबूदीन ने तब गाजियाबाद के लिंक रोड थाने पहुंचकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के बाद पूरे देश में हाशिमपुरा नरसंहार चर्चा का विषय बन गया।हाशिमपुरा नरसंहार कांड के दर्द से लोग अभी बाहर भी नहीं आए थे कि अगले 24 घंटे में हाशिमपुरा से 7 किमी दूर मलियाना आग की लपटों से घिर गया। मलियाना में हिंदू–मुसलमान दोनों समुदाय के लोग रहते थे। 23 मई को मलियाना में संप्रदायिक हिंसा भड़क उठी। यहां ऐसे दंगे हुए कि 106 घरों को जला दिया गया, कई दुकानें तहसनहस हो गई।

कई लोगों का दावा है कि पीएसी के सामने ही लोगों को आग के हवाले कर दिया गया। आरोप यह भी है कि पीएसी के जवान मलियाना की सड़कों पर हथियार लेकर घूमते हुए एलान कर रहे थे कि वो हाशिमपुरा की तरह ही नरसंहार करेंगे। इसके बाद गोलीबारी शुरू भी हो गई और 68 लोग ढेर कर दिए गए। मलियाना में ज्यादातर मारे गए लोग मुसलमान ही थे।

हाशिमपुरा मामले में साल 2018 को कोर्ट द्वारा 16 पीएसी के जवानों को उम्रकैद की सजा सुनाई, लेकिन मलियाना में जहां 68 लोग मारे गए थे, यहां सभी आरोपी बरी कर दिए गए। मलियाना नरसंहार मामले में कोर्ट में 36 सालों में 800 से ज्यादा बार सुनवाई हुई, लेकिन सजा किसी को नहीं हुई।

दरअसल, इलाके के निवासी याकूब की ओर से दर्ज मामले में 94 लोगों को नामजद किया गया था और 74 लोगों को गवाह बनाया गया था। इन गवाहों में से कुछ का देहांत हो गया और कुछ शहर छोड़ कर चले गए तो कुछ अपनी गवाही से ही मुकर गए। आरोप था कि याकूब के सामने पुलिस ने मतदाता सूची रख फर्जी नामजदगी की थी, जिसके चलते कोर्ट ने सबूतों के अभाव में आरोपियों को बरी कर दिया।

## एसएससी पेपर लीक मामला : जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा हुए तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष

**करीमनगर , एजेंसी।** भाजपा प्रमुख और सांसद बंदी संजय, जिन्हें गुरुवार को एसएससी प्रश्नपत्र लीक मामले में जमानत मिली थी, शुक्रवार को करीमनगर जिला जेल से बाहर आए। रिहा होने के तुरंत बाद संजय को एक स्थानीय मंदिर में पूजा–अर्चना करते देखा गया।अदालत ने उसे वारंगल में एक मजिस्ट्रेट की अदालत से 20,000 रुपये की ज़मानत की शर्त पर रिहा कर दिया। कोर्ट ने यह शर्त भी रखी कि बंदी संजय कुमार देश छोड़कर न जाएं, जांच में सहयोग करें और गवाहों को धमकाएं नहीं।करीमनगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद बंदी संजय कुमार को पुलिस की एक टीम ने मंगलवार आधी रात को करीमनगर शहर में उनके आवास से उठा लिया और शुरू में उन्हें एहतियातन गिरफ़्तार कर लिया गया। बाद में उन्हें मुख्य आरोपी के रूप में नामित किया गया और माध्यमिक विद्यालय परीक्षा के प्रश्नपत्रों के लीक होने पर शहर की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# पीएम मोदी 8 अप्रैल को जाएंगे हैदराबाद

### सिकंदराबाद–तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**हैदराबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार यानी 8 अप्रैल को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सिकंदराबाद–तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के अलावा यहां 11,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शहर के दौरे के दौरान पीएम मोदी परेड ग्राउंड में एक जनसभा में भी हिस्सा लेंगे।वह यहां एम्स बीबीनगर और पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। वह सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखेंगे और रेलवे से संबंधित अन्य विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सिकंदराबाद–तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस, जो हैदराबाद को भगवान वेंकटेश्वर, तिरुपति के निवास स्थान से जोड़ती है, तीन महीने की छोटी अवधि के भीतर तेलंगाना से शुरू की जाने वाली दूसरी वंदे भारत ट्रेन है। ट्रेन दोनों शहरों के बीच यात्रा के समय को लगभग साढ़े तीन घंटे कम कर देगी और तीर्थयात्रियों के लिए विशेष रूप से फ ायदेमंद होगी।

720 करोड़ रुपये की लागत से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना इस तरह बनाई जा रही है कि यह विश्व स्तरीय सुविधाओं और सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किए गए प्रतिष्ठित स्टेशन भवन के साथ बड़े पैमाने पर बदलाव से गुजरेगा। पुनर्विकसित स्टेशन में एक ही स्थान पर सभी यात्री सुविधाओं के साथ डबल–लेवल स्पेशियस रूफ प्लाजा होगा, साथ ही यात्रियों को रेल से अन्य साधनों में निर्बाध स्थानांतरण प्रदान करने के लिए मल्टी–मोडल कनेक्टिविटी भी होगी।

रेलवे की एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, यात्रा के दौरान पीएम मोदी हैदराबाद–सिकंदराबाद जुड़वां शहर क्षेत्र के उपनगरीय खंड में 13 नई मल्टी–मोडल ट्रांसपोर्ट सर्विस (एमएमटीएस) सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे, जो यात्रियों को तेज, सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा विकल्प प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री सिकंदराबाद–महबूबनगर परियोजना के दोहरीकरण और विद्युतीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 85 किमी से अधिक की दूरी तक फैली यह परियोजना लगभग 1410 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की गई है।यह परियोजना निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और ट्रेनों की औसत गति बढ़ाने में सहायता करेगी। परेड ग्राउंड में सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एम्स बीबीनगर, हैदराबाद की आधारशिला रखेंगे। इसको 1350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जा रहा है। एम्स बीबीनगर की स्थापना तेलंगाना के लोगों को उनके दरवाजे पर व्यापक, गुणवत्तापूर्ण और समग्र तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,एजेंसी** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'विश्व स्वास्थ्य दिवसइ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि सरकार स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने तथा लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है.

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1948 में पहली विश्व स्वास्थ्य सभा आयोजित की थी. डब्ल्यूएचओ की स्थापना की याद में प्रति वर्ष यह दिवस मनाया जाता है. प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, हम उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जो हमारे ग्रह को स्वस्थ बनाने के लिए काम करते हैं.उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए काम करना जारी रखेगी.

# बाइडेन प्रशासन की रिपोर्ट में दोषी ठहराए जाने पर भड़के ट्रम्प

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिका में बाइडेन प्रशासन ने अफगानिस्तान से सैनिकों के वापसी के फैसले का बचाव किया है। इसके लिए उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को जिम्मेदार ठहराया है। बाइडेन प्रशासन तरफ से जारी की गई एक 12 पेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार ने अफगानिस्तान से सेना वापसी को लेकर जो फैसले लिए उसके पीछे मजबूरी थी। इसमें ये बताया गया है कि 2021 में किन परिस्थितियों में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को बाहर निकाला गया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अफगानिस्तान से आनन–फानन में अमेरिकी सेना को वापस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा था। 2020 में ट्रम्प सरकार और तालिबान में हुए समझौते के चलते उनके हाथ बंधे हुए थे। इस रिपोर्ट को कई कांग्रेस कमेटियों को भी भेजा गया है। बाइडेन सरकार के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने अराजकता के लिए अफगानिस्तान में पहले से

### अफगानिस्तान से सेना वापसी का जिम्मेदार कौन?

चल रहे ट्रम्प प्रशासन के कमजोर ऑपरेशन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि जब बाइडेन ने 20 जनवरी, 2021 को पदभार संभाला, उस समय तालिबान सबसे मजबूत सैन्य स्थिति में थे। ये देश के लगभग आधे हिस्से को नियंत्रित कर रहे थे। किर्बी ने बताया कि डोनाल्ड ट्रम्प और तालिबान के बीच 2020 में कतर में एक समझौता हुआ था। इसके मुताबिक ट्रम्प ने अफगानिस्तान में जंग खत्म करने और अमेरिकी फौज की वापसी पर सहमति जताई थी। इस दौरान हजारों तालिबानी कैदियों की रिहाई को भी मंजूरी दी गई थी। जॉन किर्बी ने कहा कि 2021 में अफगानिस्तान में सिर्फ 2500 सैनिक ही बचे थे, जो कि 2001 के बाद का सबसे कम आंकड़ा है। राष्ट्रपति बाइडेन पर मई 2021 तक अफगानिस्तान से सभी अमेरिकी बलों की वापसी का दबाव था, नहीं तो तालिबान हमले शुरू कर देता।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के पास च्वाइस थी कि या तो अमेरिकी बलों को वापस ले लिया जाए या तालिबान के साथ लड़ाई फिर से शुरू कर दी जाए। हमने वापसी को चुना। हमें अपने इस फैसले पर 'गर्व' है।

रिपोर्ट सामने आने के बाद ट्रम्प ने सरकार पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस में बैठे बेवकूफों ने गलत जानकारी फैलाने का नया गेम शुरू किया है, जिसका नाम है 'ब्लेम ट्रम्प'। अफगानिस्तान में अमेरिका की असफलता के लिए और कोई नहीं, सिर्फ बाइडेन जिम्मेदार हैं। आपको बता दें कि फगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद बाइडेन सरकार की दुनियाभर में भारी भजीहत हुई थी।

## कोलराडो में गोलीबारी में दो की मौत

**डेनवर, एजेंसी।** अमेरिका के कोलराडो प्रांत में एक घर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सूत्रों ने लेकवुड पुलिस विभाग के हवाले से बताया कि पुलिस को प्रांतीय राजधानी डेनवर के दक्षिण–पश्चिम स्थित लेकवुड शहर में गुरुवार सुबह 11.52 बजे गोली चलने की सूचना मिली।पुलिस ने एक बयान में कहा, जब जवान घटनास्थल पर पहुंचे, तो तीन लोगों को गोली लगी हुई थी।एक को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। दो अन्य लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई जबकि दूसरे के बचने की उम्मीद है।

# पाकिस्तान में हिन्दुओं की शादी को लेकर अधिसूचना जारी

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रशासन ने हिंदू विवाह अधिनियम– 2017 को पारित कर दिया है और करीब 5 साल बीतने के बाद इसके नियमों को लेकर अधिसूचना जारी की गई है।

इस्लामाबाद प्रशासन के इस अधिसूचना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को हिन्दू रीति–रिवाजों के मुताबिक शादी करने की इजाजत दी गई है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्लामाबाद प्रशासन के अधिसूचना जारी करने के बाद अब पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में भी 2017 में पारित विवाह अधिनियम के कार्यान्वयन का रास्ता खुल गया है।

डॉन के मुताबिक, इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी हिंदू मैरिज रूल्स 2023 शीर्षक वाली अधिसूचना जारी की गई है। आईसीटी प्रशासन के एक अधिकारी ने डॉन को बताया है, कि अधिसूचना कार्यान्वयन के लिए संघीय क्षेत्र की सभी केंद्रीय परिषदों को भेज दी गई है।

हिन्दुओं की शादी को लेकर नये नियम

नियमों के मुताबिक, इस्लामाबाद में हिन्दुओं की विवाहों को एक महाराज पंजीकृत करेंगे। इस महाराज का कोई पंडित होना आवश्यक होगा और उस शख्स का हिन्दू धर्म का पर्याप्त ज्ञान होना और उसका पुरुष होना, जरूरी शर्त रखी गई है।अधिसूचना में कहा गया है, कि ये पंडित सिर्फ हिन्दू होगा और कोई मुस्लिम शख्स, पंडित का काम नहीं कर सकता है।

इसके साथ ही, अधिसूचना में कहा गया है, कि जो भी शख्स पंडित या महाराज बनेगा, उसे अपना चरित्र प्रमाण पत्र स्थानीय पुलिस स्टेशन में जमा करवाना होगा। इसके साथ ही, उसे हिन्दू समुदाय के कम से कम 10 सदस्यों से लिखित स्वीकृति लेनी होगी।

इसमें कहा गया है, कि मुस्लिमों के विवाह के लिए भी पंजीकृत निकाह–खावां का होना जरूरी है और जो मौलाना निकाह करवाएगा, उसे अपना चरित्र प्रमाण पत्र पुलिस स्टेशन में जमा करवाना होगा। उसके बाद ही कोई मौलाना, या कोई पंडित, विवाह प्रमाण पत्र जारी कर सकता है। इसके साथ ही, सभी विवाह, संघ परिषदों में भी पंजीकृत होंगे। पंडितों के शुल्क पर भी नियम इस्लामाबाद प्रशासन करे अधिसूचना में कहा गया है, कि विवाह करवाने के लिए महाराज या पंडित, वही शुल्क लेंगे, जो सरकार तय करेगी। इसके अलावा वो विवाह संपन्न कराने के लिए कोई और शुल्क नहीं लेगा। वहीं, किसी महाराज की मृत्यु या उसका लाइसेंस रद्द होने की स्थिति में, उसके द्वारा रखा गया विवाह रिकॉर्ड संबंधित काउंसिल में जमा करवाया जाएगा और बाद में नये महाराज की नियुक्ति होने के बाद वो रजिस्टर उन्हें सौप दिया जाएगा। इसके साथ ही, विवाह अधिनियम के अनुच्छेद–7 में हिन्दुओं के विवाह

### पंडितों को दिखाना होगा चरित्र प्रमाण पत्र

संबंधित विवाद को लेकर वेस्ट पाकिस्तान फैमिली कोर्ट्स एक्ट 1964 के तहत अदालतों का दरवाजा खटखटाने की भी इजाजत दी गई है। अधिसूचना है काफी महत्वपूर्ण नियमों का मसौदा तैयार करने वाले आईसीटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी महफूज पिराचा ने डॉन को बताया, कि यह अधिसूचना अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, कि अब पंजाब, बलूचिस्तान और केपी भी इन नियमों को अपना सकते हैं। पिराचा ने दावा किया, कि राजनीतिक और तकनीकी रूप से, प्रांतों के लिए प्रत्येक क्षेत्राधिकार के लिए नए कानून बनाने के बजाय इस्लामाबाद में बनाए गए कानूनों को अपनाना आसान है।

## राज्यों को दी अस्पतालों में मॉक ड्रिल रिव्यू की सलाह

**नईदिल्ली ,एजेंसी** । कोरोना ने एक बार फिर से दस्तक दे दी है। ऐसे में देश में बढ़ते नए मामलों को लेकर केंद्र भी अलर्ट हो गया है। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कोरोना की स्थिति को लेकर हाई लेवल बैठक की। जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ रिव्यू किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने अस्पतालों में मॉक ड्रिल का रिव्यू करने और टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रमुख सचिवों/अतिरिक्त मुख्य सचिवों के साथ वर्चुअल मीटिंग की।

# राहुल गांधी के खिलाफ अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल गलत: अशोक गहलोत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत काफ ी एक ट्वीट सामने आया है। अशोक गहलोत ने साफ तौर पर कहा है कि सोचा नहीं था कि ये दोनों राहुल गांधी के खिलाफ इतने नीचे स्तर की भाषा बोलने लगेंगे।भारत में राहुल गांधी को लेकर राजनीति जबरदस्त तरीके से जारी है। हाल में ही भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राहुल गांधी पर कुछ सवाल उठाए थे। इसके साथ ही कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने भी राहुल गांधी को निशाना बनाया था। अब इसी के बाद कांग्रेस की ओर से दोनों नेताओं पर तीखा प्रहार किया जा रहा है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत काफ ी एक ट्वीट सामने आया है। अशोक गहलोत ने साफ तौर पर कहा है कि सोचा नहीं था कि ये दोनों राहुल गांधी के खिलाफ इतने नीचे स्तर की भाषा बोलने लगेंगे। अपने ट्वीट में अशोक गहलोत ने लिखा कि श्री गुलाम नबी आजाद एवं श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया श्री राहुल गांधी के खिलाफ ऐसी निम्नस्तरीय भाषा बोलने लगेंगे ये किसी ने सोचा नहीं था।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता थक चुके हैं क्योंकि राहुल गांधी इतने हमलों के बावजूद जनता की आवाज उठाने से पीछे नहीं हटे हैं। गहलोत ने आगे कहा कि इसलिए कांग्रेस से गए इन नेताओं को टास्क दिया गया है। ये सब जिंदगीभर जिस विचारधारा से लडने् की कसमें खाते थे आज भाजपा नेताओं के इशारे पर उसी फासीवादी विचारधारा के साथ खड़े हो गए हैं।सिंधिया ने साफ तौर पर कहा था कि पिछले कुछ दिनों में राहुल गांधी और कांग्रेसी पार्टी ने न्यायतंत्र पर दबाव और धमकी की विचारधारा के साथ कार्य किया है।

राहुल पर हमला जारी रखते हुए सिंधिया ने कहा कि उन्होंने जिस अपनी निजी कानूनी लड़ाई को एक लोकतंत्र की कानूनी लड़ाई प्रेषित करने की कोशिश की है, उससे एक बात तो स्थापित हो चुकी है कि कांग्रेस पार्टी इस देश में लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है।

## आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की मदद को आगे आया सऊदी अरब

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान अभी अपनी आर्थिक स्थिती पर रो रहा है और उसके हालात यह है की उसके पास खर्च करने को नकद पैसा नहीं है। बात महंगाई की करले तो आटे और दाल के भाव भी आसामान पर है। ऐसे में पाकिस्तान चारों तरफ मदद भरी निगाहों से देख रहा है। ऐसे में खबरें आई है की एक बार फिर से सऊदी अरब ने पाकिस्तान की झोली भर दी है। रिपोटर्स के अनुसार सऊदी अरब ने पाकिस्तान को एक बार फिर से अतिरिक्त दो अरब डॉलर के वित्तपोषण की मंजूरी दे दी है।

# चिल्ड बीयर के लिए तरस रहे दिल्ली वाले!

**नईदिल्ली, एजेंसी** । गर्मियां आ रही हैं और बीयर प्रेमी अपने पसंदीदा ब्रांड की ठंडी बोतलों की तलाश में हैं.. लेकिन कई ठेकों से उन्हें खाली हाथ मायूस लौटना पड़ रहा है। शहर के कई हिस्सों में लोगों ने इस समस्या को लेकर शराब विक्रेताओं से शिकायत की है। हालांकि संबंधित अधिकारियों ने कुछ लोकप्रिय ब्रांड की बीयर उपलब्ध न होने की शिकायतों का खंडन किया, लेकिन स्वीकार किया कि 'रेफ्रिजरेटरइ और 'चिलरइ के लिए निगमों द्वारा निविदाएं जारी की गई हैं और वे जल्द ही दुकानों में उपलब्ध होंगे। दिल्ली में वर्तमान आबकारी नीति के तहत, दिल्ली सरकार के चार उपक्रम दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन(डीएसआईआईडीसी), दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीएस), दिल्ली स्टेट सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएससीएससी) और दिल्ली उपभोक्ता सहकारी थोक भंडार (डीसीसीडब्लूएस) शहर भर में 550 से अधिक दुकानों के माध्यम से खुदरा शराब की बिक्री कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

### सशक्त बने राहत तंत्र

उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्र त्यूनी में एक दर्दनाक घटना ना केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश को झकझोर गई। लकड़ी के बने मकान में लगी आग से 4 मासूम बच्चे पुरस्कार मारे गए। देहरादून जनपद के इस छोटे से ग्रामीण क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद आपात व्यवस्थाओं को लेकर तमाम सवाल खड़े किए जा रहे हैं। सवाल उठने भी चाहिए क्योंकि चार बच्चों की मौत हो गई जिनमें दो के शव अभी भी मिल नहीं पाए हैं। अग्निकांड के बाद एक नायब तहसीलदार समेत क्षेत्र के प्रभारी अग्निशमन अधिकारी परचार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। हो सकता है स्थानीय लोगों का गुस्सा शांत करने के लिए सूरत सूरत में यह फैसला लिया गया हो। हालांकि परिस्थितियों के अनुरूप अग्निशमन टीम ना केवल मौके पर पहुंची बल्कि कर्मचारियों ने अपनी पूरी क्षमता के अनुसार आग को बुझाने का काम भी किया। व्यवस्थाओं की अपनी कुछ विवशताएं हो सकती है जो किसी घटना की गाज किसी ना किसी पर गिरा कर माहौल को शांत करने के लिए प्रयोग में लाई जाती हो। आने वाले दिनों में राज्य सरकार को आपात परिस्थितियों के दौरान दुर्गम से दुर्गम स्थानों पर राहत व्यवस्थाएं पहुंचाने की बुनियादी तैयारी करनी होगी। प्राकृतिक आपदाओं को लेकर ही अभी तक हम अपनी व्यवस्थाएं बनाते आ रहे हैं लेकिन इस प्रकार की घटनाओं के प्रति कोई ठोस तैयारी की गई हो इसका रोड मैप तैयार नहीं किया गया है। त्यूनी की इस घटना के बाद अग्निकांड या फिर प्राकृतिक आपदाओं के अतिरिक्त घटित होने वाली इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं के दौरान कैसे अधिक से अधिक जाने बचाई जाए इसे समझना और अमल में लाना अधिक महत्वपूर्ण है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इन चार मसूम बच्चों की मौत का जिम्मेदार किसे माना जाए? कहने को तो यह महज एक हादसा है जो सिलेंडर फटने के कारण हुआ लेकिन सूचना मिलने के बाद किस प्रकार से बचाव तंत्र हरकत में आया इस पर मंथन जरूरी है। क्या वाकई त्वरित कार्यवाही कर बच्चों को बचाया जा सकता था या टीम के पहुंचने से पूर्व ही लकड़ी का बना घर जलकर राख हो गया। कुछ कर्मचारियों पर इस दर्दनाक घटना की गाज गिरा कर क्या प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों से बच सकता हैं? अब सबसे महत्वपूर्ण यह है कि दुर्गम क्षेत्रों में इस प्रकार के हालातों से निपटने को लेकर भी सरकार राहत तंत्र को मजबूत बनाएं ताकि फिर भविष्य में ऐसे ही मासूमों की जान ना जाए।

# कर्नाटक चुनाव राष्ट्रीय महत्व का

**अजीत द्विवेदी**



लोकतंत्र में वैसे तो हर चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है और कई बार सबसे छोटे चुनाव से भी बड़ी राजनीति प्रभावित होती है। हाल में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में चुनाव हुए और तीनों जगह यथास्थिति कायम रही। त्रिपुरा में भाजपा की पूर्ण बहुमत से सत्ता में वापसी हुई तो मेघालय में पहले से ज्यादा सीटें लेकर कोनरेड संगमा की पार्टी एनपीपी सत्ता में लौटी। नगालैंड में भाजपा की सीटें तो नहीं बढ़ी लेकिन सरकार का नेतृत्व कर रही एनडीपीपी की सीटें बढ़ीं और गठबंधन फिर से सत्ता में लौटा। ये तीनों चुनाव नतीजे कई मायने में बेहद अहम हैं। जैसे– तीनों राज्यों में विपक्ष के तमाम शोर शराबे के बावजूद कोई एंटी इन्कम्बैंसी नहीं थी, तीनों राज्यों में विपक्ष एकजुट नहीं हुआ, विपक्ष के बिखरे होने का फायदा सत्तारूढ़ दलों को मिला, तीनों राज्यों में विपक्ष बहुत दमदार तरीके से चुनाव नहीं लड़ सका आदि आदि।

इन तीन राज्यों के बाद अब कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव आयोग की घोषणा के मुताबिक 10 मई को मतदान होगा और 13 मई को नतीजे आएंगे। इस चुनाव में भी उन तमाम चीजों की परीक्षा होनी है, जिनकी पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में हुई है। चार साल से राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल है या नहीं? अगर है तो विपक्ष उसका फायदा उठा पाएगा या नहीं? विपक्ष के बिखरे होने का फायदा सत्तारूढ़ दल को मिलेगा या नहीं? और विपक्षी पार्टियां दमदार तरीके से चुनाव लड़ पाएंगी या नहीं? इन चारों सवालों का जवाब एक साथ चुनाव नतीजों से मिलेगा। अगर भाजपा फिर जीत जाती है तो उसका एक मतलब तो यह होगा कि भाजपा भले कुछ राज्यों में चुनाव हार जाती है लेकिन आमतौर पर उसकी सरकारों के खिलाफ आसानी से एंटी इन्कम्बैंसी नहीं होती है या वह गवर्नेंस से इतर भावनात्मक मुद्दों से सत्ता विरोधी लहर को काट देती है। एक मतलब यह होगा कि भाजपा को नरेंद्र मोदी के रहते किसी प्रादेशिक क्षत्रप की जरूरत नहीं है। उसका एक मतलब यह भी होगा कि अगर इतनी अनुकूल स्थितियों में भी विपक्ष भाजपा को नहीं हरा पाए तो उसके लिए भाजपा को हराना नामुमकिन की हद तक मुश्किल है।

कर्नाटक में स्थितियां विपक्ष के बहुत अनुकूल हैं। इसके कई कारण हैं। पहला, राज्य में 38 साल के इतिहास में कोई पार्टी लगातार दूसरी बार सत्ता में वापस नहीं लौटी है। आखिरी बार 1985 में रामकृष्ण हेगड़े की सरकार लगातार दूसरी बार जीती थी। सो, अगर राज बदलने का यह रिवाज जारी रहता है तो स्वाभाविक रूप से भाजपा सत्ता से बाहर होगी और कांग्रेस की वापसी होगी। दूसरा, भाजपा को कभी भी कर्नाटक में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। पहली बार 2008 में उसने निर्दलीय विधायकों के साथ मिल कर सरकार बनाई थी और बाद में विपक्षी पार्टियों के विधायकों के इस्तीफे करा कर उनको भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़वाया था। दूसरी बार 2019 में भाजपा ने कांग्रेस और जेडीएस के विधायकों से इस्तीफा करा कर उनकी साझा सरकार गिरवाई और अपनी सरकार बनाई। तीसरा, भाजपा अब भी पूरे कर्नाटक की पार्टी नहीं है। उत्तरी व तटीय कर्नाटक में उसका मजबूत आधार है और बीएस येदियुरप्पा की मेहनत से लिंगायत उसका सबसे मजबूत कोर वोट बना है। इसके अलावा भाजपा किसी दूसरे बड़े जातीय समूह को अपने साथ नहीं जोड़ पाई है।

चौथा कारण भाजपा के अंदर की गुटबाजी है। 2019 में येदियुरप्पा ने कांग्रेस और जेडीएस की साझा सरकार गिरा कर भाजपा की सरकार बनवाई थी और मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन दो साल बाद उनको हटा दिया गया और बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री बने। वे भी लिंगायत समुदाय के हैं लेकिन उनकी पकड़ येदियुरप्पा जैसी नहीं है। उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही पार्टी के अलग अलग खेमे खुल कर सामने आ गए। मुख्यमंत्री बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के समर्थकों के गुट हैं। पांचवां कारण यह है कि येदियुरप्पा पर भाजपा की रणनीति स्पष्ट नहीं है। उनको मुख्यमंत्री पद से हटाने के बाद किनारे कर दिया गया था। लेकिन हार मान कर घर बैठने की बजाय वे पूरे प्रदेश में घूमने लगे। इस क्रम में उनको ऐसा समर्थन मिला कि पार्टी आलाकमान को मजबूर होकर उनको संसदीय बोर्ड में शामिल करना पड़ा। जब इससे यह मैसेज हुआ कि येदियुरप्पा ही सबसे बड़े नेता हैं और वे ही पार्टी को चुनाव लड़ाएंगे तो फिर उनको काटने का अभियान शुरू हो गया। सो, चुनाव आने तक यह तय नही हो पाया कि वे कितने महत्वपूर्ण हैं और उनकी क्या भूमिका है।

छठा कारण भ्रष्टाचार का है। राज्य सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। किसी न किसी तरह से मुख्य विपक्षी कांग्रेस राज्य की बोम्मई सरकार के ऊपर 40 फीसदी कमीशन वाली सरकार का ठप्पा लगाने में कामयाब हुई है। ठेकेदारों की समूह की ओर से यह आरोप लगाया गया था और एक बड़े ठेकेदार ने इस वजह से आत्महत्या कर ली थी। भाजपा के दिग्गज नेता केएस ईश्वरप्पा को भ्रष्टाचार के आरोप में सरकार से हटाए गए थे और तमाम दबावों के बावजूद उनकी सरकार में वापसी नहीं हुई। हालांकि भाजपा ने भ्रष्टाचार के नैरेटिव को बदलने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। लोकायुक्त ने राज्य के भाजपा विधायक मदल विरूपक्षपा और उनके बेटे को पकड़ा है। उनका बेटा रिश्वत लेते पकड़ा गया था और विरूपक्षपा के घर से आठ करोड़ रुपए मिले थे। भाजपा इस घटना का प्रचार करके बता रही है कि वह भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस रखती है।

सातवां कारण यह है कि मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने तमाम गुटबाजी के बावजूद लक्ष्मण रेखा पार नहीं की है। पार्टी के बड़े नेता एक साथ मिल कर चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बीच परफेक्ट तालमेल नहीं है लेकिन दोनों में कामचलाऊ रिश्ते बन गए हैं और दोनों ने यह जरूरत समझी है कि पहले कांग्रेस की सरकार बने वह ज्यादा जरूरी है। तुरुप के इक्का के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े हैं। कर्नाटक उनका गृह प्रदेश है और कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि इसका फायदा उसे मिलेगा। इस तरह ओबीसी समुदाय से आने वाले सिद्धरमैया, वोक्कालिगा समुदाय के डीके शिवकुमार और दलित समुदाय के खडग़े का परफेक्ट कॉम्बिनेशन कांग्रेस के पास है। इसमें मुस्लिम वोट जुड़ जाता है तो यह 65 फीसदी से ज्यादा वोट बनता है। जहां तक दमदार तरीके से चुनाव लडऩे की बात है तो कर्नाटक एकमात्र प्रदेश है, जहां कहा जा सकता है कि पार्टी का संगठन भाजपा के अंदाज में और उसी दम से चुनाव लडऩे में सक्षम है।

ऐसा नहीं है कि स्थितियां कांग्रेस के अनुकूल हैं तो भाजपा ने सरेंडर कर दिया है। भाजपा उसी अंदाज में चुनाव लड़ रही है, जैसे वह कहीं भी लड़ती है। चुनाव की घोषणा से पहले दो महीने में प्रधानमंत्री ने सात बार कर्नाटक का दौरा किया। अमित शाह और जेपी नड्डा के दौरों की गिनती नहीं है। हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास हुए। एंटी इन्कम्बैंसी को कम करने के लिए हिंदुत्व का भावनात्मक मुद्दा उठाया गया। हिजाब से लेकर हलाल मीट तक के विवाद हुए। टीपू सुल्तान को भी चुनाव का मुद्दा बनाया गया। कुल मिला कर भाजपा ने कोई प्रयास उठा नहीं रखा है। तभी इस चुनाव का जो भी नतीजा निकलेगा उसका दूरगामी असर होगा।

कर्नाटक में स्थितियां विपक्ष के बहुत अनुकूल हैं। इसके कई कारण हैं। पहला, राज्य में 38 साल के इतिहास में कोई पार्टी लगातार दूसरी बार सत्ता में वापस नहीं लौटी है। आखिरी बार 1985 में रामकृष्ण हेगड़े की सरकार लगातार दूसरी बार जीती थी। सो, अगर राज बदलने का यह रिवाज जारी रहता है तो स्वाभाविक रूप से भाजपा सत्ता से बाहर होगी और कांग्रेस की वापसी होगी। दूसरा, भाजपा को कभी भी कर्नाटक में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। पहली बार 2008 में उसने निर्दलीय विधायकों के साथ मिल कर सरकार बनाई थी और बाद में विपक्षी पार्टियों के विधायकों के इस्तीफे करा कर उनको भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़वाया था। दूसरी बार 2019 में भाजपा ने कांग्रेस और जेडीएस के विधायकों से इस्तीफा करा कर उनकी साझा सरकार गिरवाई और अपनी सरकार बनाई। तीसरा, भाजपा अब भी पूरे कर्नाटक की पार्टी नहीं है। उत्तरी व तटीय कर्नाटक में उसका मजबूत आधार है और बीएस येदियुरप्पा की मेहनत से लिंगायत उसका सबसे मजबूत कोर वोट बना है। इसके अलावा भाजपा किसी दूसरे बड़े जातीय समूह को अपने साथ नहीं जोड़ पाई है।

# तेज धूप ना छीन लें आपकी त्वचा का निखार, इस तरह करें अपनी स्किन की देखभाल

गर्मियों का मौसम आ चुका हैं जहां चिलचिलाती धूप सेहत के साथ स्किन को भी नुकसान पहुंचाने का काम करती हैं। गर्मियों में स्किन पर आने वाले पसीने और जमने वाली गंदगी की वजह से वह बेजान और रूखी हो जाती है। आपको इस मौसम में होने वाले रैश, टैन, सनबर्न और एक्ने से बचने की जरूरत है, क्योंकि आपकी स्किन सुरक्षा की मांग करती है। ऐसे में कई लोग गर्मी के मौसम में अपनी स्किन को लेकर बहुत अधिक चिंतित रहते हैं और वे बाहर जाने से कतराने लगते हैं। लेकिन कुछ आसान से टिप्स अपनाए जाएं तो स्किन की अच्छे से देखभाल की जा सकती हैं। आज हम आपको कुछ स्किन केयर टिप्स बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आपकी स्किन गर्मियों में भी खिली–खिली नजर आएगी। आइये जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

**अतिरिक्त तेल को हटाने के लिए फेस वाश करें**

गर्मी के मौसम में ऑयली स्किन ज्यादा ऑयली हो जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन के अनुकूल फेस वॉश का इस्तेमाल करें। फेस वॉश गहराई में जाकर स्किन को साफ करता है, और हर तरह की धूल और गंदगी को बाहर निकालता है। जिन लोगों की स्किन ड्राई है, उन्हें बिना फोम वाले क्लींजर की जरूरत पड़ती है। इन्हें माइल्ड, अल्कोहल फ्री और पीएच बैलेंस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

**ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं**

ज्यादा से ज्यादा पानी पीने से स्किन ही नहीं हेल्थ को भी कई फायदे मिलते हैं। आपको 15 दिन ही नहीं हर रोज सही मात्रा में पानी पीना चाहिए। कहते हैं कि शरीर में पानी की मात्रा सही होने पर खून साफ होता है और इस कारण चेहरा ग्लो करने लगता है। एक्सपट्र्स के मुताबिक हम सभी को एक दिन में करीब 3 लीटर पानी कम से कम जरूर पीना चाहिए। आप चाहे तो दिन में एक नारियल पानी भी पी सकते हैं।

**सूरज की किरणों से बचाएं**

सूरज की किरणों से त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। सूरज की किरणें त्वचा को समय से पहले बूढ़ा बना सकती हैं। साथ ही झुर्रियां, फाइन लाइंस की समस्या भी पैदा हो सकती है। सूरज की हानिकारक किरणों से बचने के लिए आपको गर्मियों में सनस्क्रीन जरूर लगाना चाहिए। आप 30–40 एसपीएफ वाला सनस्क्रीन लगा सकते हैं। इससे त्वचा टैनिंग से बचेगी, साथ ही काले–धब्बे भी नहीं पड़ेंगे।

**हेल्दी डाइट जरूरी**

डाइट में विटामिन, न्यूट्रिएंट्स और एंटी ऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ा दें। जितना हो सके फ्रूट्स और सब्जियां खाएं। इससे स्किन में कोलेजन के प्रोडक्शन बढ़ता है और स्किन डैमेज होने से बची रहती है।

**चेहरे पर लगाएं ऑयल**

कहते हैं कि मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन में सुधार आता है और ऐसा ही कुछ चेहरे की स्किन के साथ भी है। अगर आप लगातार 15 दिन चेहरे की मसाज करते हैं, तो इससे ग्लोइंग स्किन पा सकते हैं। आप चाहे तो वर्जिन कोकोनट ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक्सपट्र्स के मुताबिक ऐसा करने से स्किन अंदर से रिपेयर होती है और उसमें नमी बरकरार रहती है। साथी स्किन सॉफ्ट भी हो जाती है, इसलिए शुरू के 15 दिन रोजाना चेहरे की हल्के हाथों से मसाज जरूर करें।

**त्वचा को एक्सफोलिएट करें**

त्वचा को एक्सफोलिएट करना बहुत जरूरी होता है। त्वचा को एक्सफोलिएट करने से चेहरे पर जमा गदंगी, एक्सट्रा ऑयल निकल जाता है। साथ ही त्वचा से डेड स्किन सेल्स भी रिमूव हो जाती है। इसके लिए आप किसी अच्छे स्क्रब्र का इस्तेमाल करें। आप चाहें तो चीनी और कॉफी का स्क्रब्र तैयार कर सकते हैं। इससे चेहरे पर हल्के हाथों से मालिश करें, 5 मिनट बाद चेहरा धो लें।

**मेकअप करें कम**

गर्मियों में अधिक मेकअप से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं जिससे स्किन पर इंफ्लामेशन और रैश की समस्या हो सकती है।

# मनीष तिवारी का पुनर्वास होगा!



पंजाब से कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी वैसे तो अब भी कांग्रेस के प्रवक्ता हैं लेकिन संचार विभाग की ओर से उनको प्रेस ब्रीफिंग में नहीं बुलाया जाता है। जब से उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठाने वाले जी–23 नेताओं की चि_ी पर दस्तखत किया था तब से वे हाशिए में हैं। लेकिन अब कहा जा रहा है कि उनका पुनर्वास होने वाला है। बतौर प्रवक्ता मनीष तिवारी का पुराना स्टैट्स बहाल हो सकता है। यानी नियमित प्रेस ब्रीफिंग से लेकर मीडिया को बाइट देने या विशेष प्रेस कांफ्रेंस का जिम्मा उनको मिल सकता है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े उनका अधिकतम इस्तेमाल करने के पक्ष में बताए जा रहे हैं।

पिछले दिनों तिरूवनंतपुरम में विशेष प्रेस कांफ्रेंस के लिए उनको भेजा गया था। संसद की गतिविधियों में भी उनकी भूमिका बढ़ी है। उन्होंने राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने और लोकसभा की सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद काम रोको प्रस्ताव का नोटिस भी दिया था। केंद्र सरकार ने जब वन संरक्षण संशोधन विधेयक संसद की स्थायी समिति को नहीं भेजा तो तिवारी ने इसका विरोध किया। ध्यन रहे इस मंत्रालय की कमेटी के प्रमुख जयराम रमेश हैं, जो कांग्रेस के संचार विभाग के भी प्रमुख हैं। रमेश ने भी वन संरक्षण विधेयक संसद की स्थायी समिति को नहीं भेजने के विरोध में चि_ी लिखी है। उन्हीं की तर्ज पर तिवारी ने भी विरोध किया। सो, ऐसा लग रहा है कि रमेश के साथ उनका सद्भाव बन रहा है। तभी खडग़े की नई टीम में उनके लिए अच्छी जगह की संभावना जताई जा रही है।

# धार्मिक हादसों से छुटकारे की उम्मीद

**प्रमोद भार्गव**

देश के मंदिरों में जैसे–जैसे विशेष पर्व और भगवानों के प्रकट दिवस पर उत्सवधर्मिता की धूम बढ़ रही है, वैसे–वैसे मंदिरों में जानलेवा हादसों की संख्या भी बढ़ रही है।

उत्सवधर्मिता बढ़ाने में सोशल एवं डिजिटल माध्यमों का खूब चामत्कारिक योगदान तो बढ़ रहा है, परंतु जब घटना घट जाती है, तब मौत से जूझ रहे लोगों को बचाने में इनका उपयोग सामने नहीं आ पाता?

200 साल पुरानी बावड़ी को 45 साल पहले 800 वर्ग फीट की छत डालकर ढका

ऐसा इंदौर में बालेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में स्पष्ट रूप से देखने में आया है। हादसा घटने के पौन घंटे बाद पुलिस, प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचे लेकिन एसडीआरएफ और पुलिस दलों के पास न तो बावड़ी में उतरने के लिए रस्सियां थीं और न ही सीढिय़ां। जबकि मंदिर प्रबंधन द्वारा सूचना दी गई थी कि यह हादसा बावड़ी की छत ध्वस्त हो जाने से हुआ है। छत पर पूजा–पाठ कर रहे लोग बावड़ी में गिर गए जिसमें पानी भी भरा है। गमीनत रही कि फायर ब्रिगेड की रस्सियां और सीढिय़ों का उपयोग किया गया। पानी खाली करने की बात आई, तब पता चला कि निगमकर्मियों के पास साठ फीट गहरी बावड़ी से पानी खींचने के लिए चालीस फीट लंबा ही पाइप है। नतीजतन, समय पर बचाव कार्य ठीक से शुरू ही नहीं हो सका और 35 लोगों ने जल समाधि ले ली। करीब 200 साल पुरानी इस बावड़ी को 45 साल पहले आठ सौ वर्ग फीट की छत डालकर ढंक दिया गया था। इसी पर बैठकर लोग अर्चना और हवन कर रहे थे। अतएव हवन करते हाथ जलने की कहावत चरितार्थ हुई है। मध्य प्रदेश में यह कोई धर्मस्थल पर हुआ पहला हादसा नहीं है। इसके पूर्व उज्जैन के सिंहस्थ, रतनगढ़ के देवी मंदिर और अशोक नगर के करीला माता मंदिर में इसी तरह के जानलेवा हादसे हो चुके है।

देश में धर्म–लाभ कमाने की प्रकृति से जुड़े हादसे अब लगातार देखने में आ रहे हैं। आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुश्करालू उत्सव में मची भगदड़ से 13 महिलाओं समेत 29 लोग मारे गए थे। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के सतना जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल चित्रकूट में कामतानाथ मंदिर की परिक्रमा करते हुए अचानक भीड़ में भगदड़ मच जाने से 10 श्रृद्धालुओं की मौत हो गई थी। मध्य प्रदेश में ही दतिया जिले के प्रसिद्ध रतनगढ़ माता मंदिर में नवमीं पूजा के दौरान आस्था के सैलाब में पुल टूटने की अफवाह से मची भगदड़ से 115 लोग मारे गए थे। इसी मंदिर में 3 अक्टूबर, 2006 को शारदेय नवरात्रि की पूजा के दौरान 49 श्रद्धालू मारे गए थे। फरवरी, 2013 में इलाहबाद के कुंभ मेले में बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें 36 लोग मारे गए थे। मथुरा के बरसाना और देवघर के श्री ठाकुर आश्रम में मची भगदड़ से लगभग एक दर्जन श्रद्धालु मारे गए थे।

विश्व में शांति और सद्भावना की स्थापना के उद्देश्य से हरिद्वार में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित यज्ञ में दम घुटने से 20 लोगों के प्राणों की आहुति लग गई थी। महज भगदड़ से अब तक तीन हजार से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। बावजूद लोग हैं कि दर्शन, श्रद्धा, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष



मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। गोया, पुनर्जन्म हुआ भी तो श्रेष्ठ वर्ण में होने के साथ समृद्ध और वैभवशाली होगा।

देश में हर प्रमुख धार्मिक आयोजन छोटे–बड़े हादसों का शिकार हो रहा है। 1954 में इलाहबाद में संपन्न हुए कुंभ मेले में एकाएक गुस्साए हाथियों ने इतनी भगदड़ मचाई थी कि एक साथ 800 श्रद्धालु काल–कवलित हो गए थे। धर्म स्थलों पर मची भगदड़ से हुई, यह सबसे बड़ी घटना थी।

सतारा के मांधर देवी मंदिर में मची भगदड़ में भी 300 से ज्यादा लोग असमय काल के गाल में समा गए थे। केरल के सबरीवाला मंदिर, जोधपुर के चामुंडा देवी मंदिर, और प्रतापगढ़ के कृपालू महाराज आश्रम में भी मची भगदड़ों में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। बावजूद अब तक के हादसों में देखने में आया है कि भीड़ प्रबंधन के कौशल में प्रशासन–तंत्र न केवल अक्षम साबित हुआ है, बल्कि उसकी अकुशलता के चलते हजारों लोग बेमौत मारे गए हैं।

प्रचार–प्रसार के कारण धार्मिक आयोजनों में लगातार बढ़ रही भीड़

भारत में पिछले दो दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में प्रचार–प्रसार के कारण उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है, जिसके चलते दर्शनलाभ की जल्दबाजी और कुप्रबंधन से उपजने वाले भगदड़ों का सिलसिला जारी है। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती। इसलिए उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया कर रहा है। वह हरेक छोटे बड़े मंदिर के दर्शन को चामत्कारिक लाभ से जोड़कर देश के भोले–भाले भक्तगण से एक तरह का छल कर रहा है। बहरहाल, धार्मिक हादसों से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही? लिहाजा, हादसों का दुर्भाग्यपूर्ण सिलसिला तत्काल तो टूटता दिखाई नहीं देता?

# अपना पहला टैटू गुदवाने से पहले जान लें इनसे जुड़े ये 5 भ्रम और उनकी हकीकत

पहली बार टैटू गुदवाना रोमांचक के साथ–साथ डरावना भी हो सकता है और डर का कारण इससे जुड़े भ्रम होते हैं, जिन्हें लोग सच मानते हैं। तरह–तरह की डिजाइन वाले टैटू देखने में तो काफी अच्छे लगते हैं, लेकिन इन्हें बनवाने से पहले इनसे जुडे भ्रम और उनके पीछे की हकीकत जान लेना अच्छा रहेगा। आइए आज हम आपको टैटू से जुड़े 5 सामान्य भ्रम और उनकी सच्चाई के बारे में बताते हैं।

**भ्रम– टैटू प्रक्रिया के दौरान बहुत खून बहता है**

टैटू गुदवाने से जुड़ा यह सबसे आम भ्रम यही है कि इसकी प्रक्रिया के दौरान बहुत खून बहता है। सच यह है कि टैटू गुदवाते समय थोड़ा खून निकलने की संभावना रहती है, लेकिन वह भी कुछ ही मिनटों में रूक जाता है। वहीं टैटू गुदवाने के दौरान कुछ लोगों का तो एक बूंद भी खून नहीं निकलता है। ऐसे में चिंता की कोई बात नहीं है।

**भ्रम– टैटू स्थायी होते हैं और हमेशा के लिए रहते हैं**

यह भ्रम तो काफी सालों से कायम है कि टैटू स्थायी होते हैं और हमेशा के लिए रहते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। सच्चाई यह है कि विभिन्न क्रीम और लेजर उपकरणों के माध्यम से टैटू हटाना संभव है। ये उपकरण या तो आपके टैटू को पूरी तरह से गायब कर सकते हैं या इनके रंग को हल्का कर सकते हैं। त्वचा से टैटू हटाने के लिए इन 5 घरेलू नुस्खों को अजमाएं।

**भ्रम– टैटू गुदवाने से एड्स या कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती हैं**

एक भ्रम यह भी है कि इसे गुदवाने से एड्स या कैंसर जैसी घातक बीमारियां हो सकती हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। अगर आप किसी ऐसी जगह से टैटू गुदवाते हैं, जहां पर स्टरलाइजेशन से लेकर हाइजीन तक का ख्याल रखा जाता है और हर बार फ्रेश सुई का इस्तेमाल किया जाता है तो आपको इस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। बस यह ध्यान रखें कि हमेशा किसी अनुभवी आर्टिस्ट से ही टैटू गुदवाएं।

**भ्रम– टैटू गुदवाने के बाद सरकारी नौकरी नहीं मिलती है**

आपने कई लोगों को यह कहते हुए सुना होगा कि टैटू गुदवाने के बाद सरकारी नौकरी नहीं मिलती है, लेकिन ऐसा नहीं है। अब टैटू गुदवाना आपके पेशेवर क्षमता को तय करने वाला पैरामीटर नहीं है। टैटू निजी जीवन का एक हिस्सा है, जिसका पेशेवर सेटअप से कोई लेना–देना नहीं है। यहां तक कि सरकारी संगठन (भारतीय सेना और वायु सेना आदि) छोटे टैटू गुदवाने की अनुमति देते हैं।

भ्रम– टैटू गुदवाने के बाद व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकता

अगर आपका मानना भी यही है कि टैटू गुदवाने के बाद व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकता है तो बता दें कि यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा और कुछ नहीं है।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया कालाढूंगी में 95.09 करोड़ की 36 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

## –5 करोड़ 57 लाख की 02 योजनाओं का लोकार्पण और 89 करोड़ 52 लाख की 34 योजनाओं का किया शिलान्यास



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा कालाढूंगी के लिए 95 करोड़ 09 लाख की 36 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र के भविष्य की नींव रखी गई है, योजनाओं के पूर्ण होने पर क्षेत्र का सर्वागींण विकास होगा। इन योजनाओं से क्षेत्र के 8012 परिवार पेयजल योजना से लाभान्वित होंगे।

आज का दिन विधानसभा कालाढूंगी में विकास के एक नए युग का सूत्रपात में सहायक सिद्ध होगा। इन 36 योजनाओं में मोटर मार्ग निर्माण, पेयजल और सिंचाई की क्षमता के विकास जैसे जनहितकारी क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस माह 04 प्रतियोगी परीक्षा आयोजित कराई जा रही है तथा रिक्त पदों का अधियाचन आयोग को प्रेषित किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर देने हों, प्रदेश की महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को लागू करना हो, समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करना हो, जबरन धर्मांतरण पर रोक के लिये कानून बनाना हो, नई शिक्षा नीति लागू करना हो, नई खेल नीति लागू करना हो, सख्त नकल विरोधी कानून बनाना हो, राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देना हो सभी का सरकार द्वारा कार्य किए गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधान सभा कालाढूंगी मे 398.00 लाख की धनराशि से आनंदपुर नलकूप पेयजल योजना तथा लामाचौड खास नलकूप पेयजल योजना लागत 159.00 लाख की 02 योजनाओं का लोकार्पण किया।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कालाढूगी के विकास के लिए 34 योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें गोविन्दपुर गढवाल पेयजल योजना लागत रूपये 310.00 लाख, पनियाली पेयजल योजना लागत 222.00 लाख, पीपलपोखरा पेयजल योजना 558.00 लाख, लालपुर नायक पेयजल, लागत 334.00 लाख,प्रेमपुर लोश्ज्ञानी पेयजल, लागत 431.00 लाख, रामडी आनसिंह पेयजल योजना लागत 326.00 लाख, पतलिया पेयजल योजना लागत 434.84 लाख, बजूनिया हल्दू पेयजल योजना लागत 297.93 लाख, कमोला नलकूप योजना लागत 399.63 लाख, कालाढूगी बन्दोबस्ती पेयजल योजना लागत 298.61, सेल्सिया पेयजल लागत 117.38 लाख, छोटी हल्द्वानी पेयजल लागत 161.08 लाख, रतनपुर रामपुर पेयजल 490.11 लाख,धापला पेयजल 63.91 लाख, दोहनीया पेयजल 206.74 लाख,गिनती गांव पेयजल 399.30 लाख, चांदपुर पेयजल 142.82 लाख, नाथुजाला पेयजल 227.10 लाख, नया पाण्डे गांव पेयजल 54.00 लाख, पवालगढ मनखथपुर पेयजल 332.45 लाख,विजयपुर धमोला पेयजल 271.64 लाख, धमोला पेयजल 350.86 लाख, मन्दरजुडा पेयजल 442.26 लाख, चोपडा पम्पिंग पेयजल 235.33 लाख,ज्योली पेयजल 172.12 लाख,भद्यूनी पम्पिंग योजना 103.35 लाख, बल्यूटी पम्पिंग योजना 261.39 लाख, रानीबाग पम्पिंग योजना 342.05 लाख,सूर्यागांव पम्पिंग योजना 151.98 लाख, दोगडा पेयजल योजना 88.61 लाख,डोलमार पेयजल योजना 61.13 लाख, हैडी पेयजल योजना 27.43 लाख तथा डहरिया धानमिल से आनन्दा स्कूल निलांचल कालोनी से बिडला स्कूल छडायल रोड तक मार्ग पुनः निर्माण कार्य लागत 381.80 लाख की धनराशि का कुल 34 योजनाओं का शिलान्यास किया।

## जोशीमठ प्रभावित 27 अप्रैल को करेगें चक्का जाम



चमोली : जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति का धरना 94वें दिन भी तहसील परिसर में जारी रहा। तहसील में धरना दे रहे लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।

उन्होंने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों की सुध नहीं ले रही है। क्षतिग्रस्त भवनों का मुआवजा भी अब काफी धीमी गति से बांटा जा रहा है। संघर्ष समिति ने एसडीएम कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर कहा कि यदि 26 अप्रैल तक प्रभावितों की मांगें नहीं मानी गई तो बदरीनाथ के कपाट खुलते दिन 27 अप्रैल को नगर में चक्का जाम किया जाएगा।

संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने बताया कि भेजे ज्ञापन के माध्यम से संघर्ष समिति ने पूरे नगर क्षेत्र को आपदा प्रभावित घोषित करने, सरकार द्वारा गठित 8 वैज्ञानिक टीमों से करवाए गए सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, वर्ष 2010 में एनटीपीसी ने जो नगर वासियों के साथ समझौता किया था उसे लागू करने, बाईपास निर्माण को स्थाई रूप से बंद करने, लोगों का स्थाई पुनर्वास करने, मुआवजा जल्द लोगों को देने समेत अन्य मांग की है। यदि लोगों की मांगें पूरी नहीं हुई तो 27 अप्रैल को चक्का जाम किया जायेगा। शुक्रवार को तहसील में धरना देने वालों में अतुल सती, कमल रतूडी, रोहित परमार, मीना डिमरी, संजय सती, मौ. समीम आदि रहे। (एजेंसी)

## हरिद्वार बाईपास रोड पर महिला कुचलने वाले ट्रक चालक पर मुकदमा

देहरादून। हरिद्वार बाईपास रोड पर महिला को कुलचने वाले ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना तीन मार्च की है। शिवलोक कॉलोनी, चकशाह नगर निवासी महेश्वरी पपनोई 3अप्रैल को दोपहर को हरिद्वार बाईपास रोड पर काम से गई थी। वह पुरानी बाईपास चौकी चौक पर सड़क पार कर रही थी। इस दौरान वहां से गुजर रहे ट्रक के नीचे आने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि महिला के भाई अशोक कुमार की तहरीर पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ट्रक पुलिस के कब्जे में है। चालक की तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने किया 50 से अधिक वाहनों का चालान

रुद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि नगर क्षेत्र में बेतरतीब एवं बेकार खड़े वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई शुरू हो गई। पुलिस ने अब तक 50 से अधिक ऐसे वाहनों पर चालान पर्ची चस्पा कर दी। साथ ही अन्य लोगों को सड़क से वाहन हटाने के लिए दबाव बनाया।



अगस्त्यमुनि थाना प्रभारी सदानन्द पोखरियाल ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर अगस्त्यमुनि एवं तिलवाड़ा एक बड़ा बाजार होने के साथ ही यातायात व्यवस्था के लिए एक चुनौती भी है। यात्राकाल में यहां लगने वाले जाम से आम जन के साथ ही यात्रियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनके द्वारा इन स्थानों पर यात्राकाल में होने वाली समस्याओं को लेकर कई कदम उठाए जा रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने आमजनों से यात्रकाल में सहयोग की अपील करते हुए सड़क पर बेतरतीब व निष्प्रयोज्य निजी वाहन स्वामियों को इन्हें हटाने को कहा था। और ऐसा न होने पर चालान की कार्यवाही की चेतावनी दी थी। अब ऐसे वाहनों पर चालान की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। निजी वाहन स्वामियों से वाहनों को सड़क पर बेतरतीब न लगाने की अपील लगातार की जा रही हैं। सड़क पर अगर वाहन खड़ा करना पड़े तो एक ही ओर वाहन खड़े हो सकते हैं वह भी सफेद पट्टी के बाहर। वहीं ऐसे वाहनों की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन खेल मैदान में अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था कर रहा है। तिलवाड़ा बाजार में भी यातायात व्यवस्था को सचारू करने के लिए सीओ रुद्रप्रयाग प्रबोध घिल्डियाल के नेतृत्व में उन्होंने एवं चौकी प्रभारी संयोगिता रावत ने व्यापारियों, टैक्सी यूनियनों तथा आम जनता से वार्ता कर सहयोग की अपील की गई।

बाजार में खड़े दो पहिया एवं चार पहिया वाहन बाजार से दूर ऐसे स्थानों पर खड़ा करने की अपील की गई जहां पर सड़क काफी चौड़ी हो वह भी केवल सफेद पट्टी के बाहर एक ही ओर। वहीं टैक्सी-मैक्सी वाहन नपं की पार्किंग में ही वाहनो को खड़ा करेंगे। व्यापारियों से भी अनुरोध किया गया कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें। अपना सामान नाली से अन्दर ही रखें। (एजेंसी)

## एक नजर

### जन्म-मृत्यु पंजीकरण के बारे में बताया

नई टिहरी : जन्म–मृत्यु पंजीकरण को लेकर जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला सभागार में एडीएम केके मिश्रा ने ली। सहायक निदेशक जनगणना संजीव कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जन्म–मृत्यु पंजीकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन्म–मृत्यु का पंजीकरण ऑनलाइन सीआरएस पोर्टल पर करना जरूरी है। उन्होंने नागरिक पंजीकरण प्रणाली के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले अधिकारी, अवधि, दर, सिविल रजिस्ट्रेशन प्रणाली में उपयोग होने वाले प्रपत्र आदि की भी अहम जानकारियां देते हुए कहा कि मासिक रिपोर्ट समर्यान्तगत उपलब्ध कराएं। इस मौके पर संबंधित अधिकारियों ने सीआरएस पोर्टल पर जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन प्रक्रिया के संशयों का निराकरण किया। बैठक में डीडीओ सुनील कुमार, सीएमओ डा. मनु जैन, सीएमएस अमित राय, डीआईओ एनआईसी सौरभ रतूड़ी, डीएसटीओ साक्षी शर्मा, डीटीडीओ अतुल भण्डारी, डीईओ वीके ढौंडियाल, ईओ नगर पंचायत कीर्तिनगर राजू सजवाण आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### लखवाड़ बांध प्रभावितों के साथ बैठक 15 को

नई टिहरी : जौनपुर के नैनबाग तहसील के अंतर्गत यमुना नदी पर प्रस्तावित लखवाड बांध परियोजना से प्रभावित होने वाले काश्तकारों और जनप्रतिनिधियों की आगामी 15 अप्रैल को बांध परियोजना और प्रशासन के अधिकारियों के साथ लोनिवि नैनबाग गेस्ट हाउस में बैठक होगी।

बैठक में विद्युत परियोजना से प्रभावित होने वाले काश्तकार, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि परियोजना और प्रशासन के अधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखेंगे। पिछड़ी अनुसूचित जाति एंव जनजाति विकास मेला समिति अध्यक्ष प्रदीप कवि ने बताया यमुना नदी पर प्रस्तावित लखवाड़ बांध परियोजना 320 मेगावाट की है।

## ऋषिकेश में खुला पहला सामुदायिक रेडियो

ऋषिकेश। भारतीय ग्रामोत्थान संस्था की पहल पर रेडियो ऋषिकेश का शुभारंभ किया गया। रेडियो ऋषिकेश समुदायों के आर्थिक, सामाजिक, स्वरोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न पहलुओं पर काम करेगा। रेडियो में गढ़वाली व हिंदी भाषा सुनी जा सकेगी। शुक्रवार को ढालवाला में भारतीय ग्रामोत्थान भवन स्थित रेडियो स्टेशन 90 एफएम का शुभारंभ विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने किया। उन्होंने कहा कि रेडियो ऋषिकेश सामुदायिक हितों के लिए काम करने वाला सशक्त माध्यम बनेगा। महत्वपूर्ण सूचनाओं को तेजी तक समुदायों तक पहुंचाने में रेडियो की भूमिका अहम है। सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने में सूचना तकनीक का योगदान महत्वपूर्ण है। कहा कि कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार के रास्ते खुलते हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इस दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं। महिलाओं के सामने, कहीं भी किसी भी कार्य में कोई समस्या पेश आ रही है, तो आयोग से संपर्क करें। कहा कि अपनी बात कहने के लिए कम्युनिटी रेडियो महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। भारतीय ग्रामोत्थान संस्था के निदेशक अनिल चंदोला ने कहा कि रेडियो ऋषिकेश पर हिंदी–गढ़वाली में किस्से–कहानियों के साथ साथ मुद्दों पर बात होगी। आर्थिक और सामाजिक विषयों पर संवाद किया जाएगा। स्वरोजगार और युवाओं के करियर पर चर्चा की जाएगी। इन सबके साथ ही रेडियो ऋषिकेश समुदायों के साथ सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कार्य करेगा। इसका उद्देश्य समुदायों में जागरूकता का प्रसार करना है, उन तक जन कल्याणकारी सूचनाओं को पहुंचाना है, ताकि सभी तक प्रगति के अवसर पहुंच सके। संस्था की अध्यक्ष गीता चंदोला ने अतिथियों को विश्वास दिलाया कि रेडियो स्टेशन सामुदायिक हितों के लिए जन सूचनाओं का प्रसारण सजगता से करेगा।

इस दौरान विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने भारतीय ग्रामोत्थान संस्था के परिसर का अवलोकन कर प्राकृतिक रेशों से बन रहे हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को देखा। मौके पर एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र नेगी, नगर पालिका मुनिकीरेती के अध्यक्ष रोशन रतूड़ी, अनिल कुकरेती, डीएस नेगी, केशव लखेड़ा, एनपी कुकसाल, अतुल चंदोला, संदीप गुप्ता, , सीमा गोयल सहित मौजूद रहे।

### ऋषिकेश में सरकारी कर्मचारी का घर चोरों ने खंगाला

ऋषिकेश। अपर गंगानगर में चोरों ने एक सरकारी कर्मचारी के बंद घर को निशाना बनाते हुए नगदी और जेवरात चोरी कर लिए। चोर घर से कपड़े तक ले गए।

शिकायत पर पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश के प्रयास तेज कर दिए हैं। कोतवाली पुलिस के मुताबिक अपर गंगा नगर स्थित गली नंबर एक निवासी क्षत्रपाल पुत्र प्रताप सिंह पारिवारिक समारोह में शामिल होने उत्तर प्रदेश गए थे।

### धमकी के आरोप में युवक पर मुकदमा

ऋषिकेश। नशा की लत से परेशान एक युवक को अरसे पहले परिजनों ने हर्रावाला क्षेत्र में नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया। वापस लौटने के बाद अब युवक को केंद्र संचालक को जान से मारने की धमकी दे रहा है। जानमाल की सुरक्षा को लेकर पीड़ित पुलिस के पास पहुंचा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक कृपाल सिंह पुत्र ज्ञान सिंह नेगी निवासी गिरधर विहार, हर्रावाला, डोईवाला नशा मुक्ति केंद्र चलाते हैं। नावादा हरिपुर, डोईवाला की रहने वाली शारदा थापा ने बेटे नितेश की नशे की लत छुड़ाने के लिए सालभर पहले उसे कृपाल सिंह के केंद्र में भर्ती कराया। कुछ महीने पहले केंद्र से उसे घर भेज दिया गया।

## भाजयुमो ने बड़ोंवाला व विकासनगर में चलाया स्वच्छता अभियान

विकासनगर। भाजपा के स्थापना सप्ताह के अवसर पर भाजयुमो की ओर से जिला पछुवादून ग्रामीण क्षेत्र में जगह–जगह स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सुद्धोवाला मंडल की ओर से बड़ोंवाला व विकासनगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर दस कार्यकर्ताओं ने जगह जगह साफ–सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। भाजपयुमो की ओर से सुद्धोवाला मंडल के मंडल अध्यक्ष दीपक ठाकुर के नेतृत्व में ग्राम बड़ोंवाला में जिलाध्यक्ष मीता सिंह की मौजूदगी में स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर युवाओं व मातृ शक्ति ने स्वच्छता अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जिलाध्यक्ष मीता ने कहा कि भाजयुमो द्वारा इस तरह के कार्यक्रम पहले भी किए जाते रहे हैं। स्वच्छता अभियान में सभी को बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। ताकि हमारे आसपास गंदगी न रहे। भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम प्रत्येक गली–मोहल्ले में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें युवाओं की भागीदारी अधिक रहेगी। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान को आज पूरे भारत का समर्थन मिल रहा है। अरुण नेगी,मंडल अध्यक्ष पिंकी देवी,मंजू नेगी, सुमित कुमार, नंदन सिंह कंडारी, विनोद थापा आदि मौजूद रहे। भाजयुमो ग्रामीण जिलाध्यक्ष चिराग गुलेरिया के नेतृत्व में विकासनगर वार्ड संख्या 10 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष, कुलदीप कुमार व भाजयुमो देहरादून के जिला प्रभारी हिमांश चमोली सभी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया।

## मिलेट्स अभियानःमोटे अनाज की खेती को किया जाएगा दोगुनाः जोशी

देहरादून। राज्य में पारंपरिक मोटे अनाज की खेती के क्षेत्रफल को दोगुना तक बढ़ाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के तहत सरकार मोटे अनाज के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चलाकर काम करेगी। इसके तहत मई में देहरादून और हल्द्वानी में राष्ट्रीय मिलेट मेले का आयोजन किया जा रहा है। इनमें केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर, कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी भी शामिल होंगे।

शुक्रवार को कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सुभाष रोड स्थित एक होटल में कृषि अधिकारी, कृषि विशेषज्ञ और होटल कारोबारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि 13 और 14 मई को देहरादून में मिलेट मेला होगा। जबकि हल्द्वानी में 29 और 30 तारीख तय की गई है। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होगा। इसमें कई राज्यों के कृषि मंत्री, विशेष और अधिकारी भी भाग लेंगे।

जोशी ने कहा कि राज्य में अधिकांश किसान मोटा अनाज पैदा करते हैं। केंद्र सरकार की श्रीअन्न योजना में राज्य के लिए नई संभावनाओं के दरवाजे खुले हैं। राज्य सरकार मोटे अनाज को लगातार प्रोत्साहित कर रही है।

## पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त, दूषित पानी पीने को मजबूर लोग

ऋषिकेश। डोईवाला के धर्मुचक में पेजयल लाइनें क्षतिग्रस्त होने से कई घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। जिससे क्षेत्रवासी दूषित पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं। डोईवाला के धर्मुचक में पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हैं। जिसकी वजह से लोगों के घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है। स्थानीय महिला बलविंदर कौर ने कहा कि पेयजल लाइनें जगह–जगह क्षतिग्रस्त हैं।

जिससे घरों में लो प्रेशर की समस्या के साथ ही दूषित पानी पहुंच रहा है। कई जगहों पर पेजयल लाइनें जमीन खोदे बिना ही सिंचाई विभाग की नहर में बिछा दी गई है।

## स्वामी दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जन्म जयंती पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया स्मारक डाक टिकट का विमोचन

ऋषिकेश। विज्ञान भवन दिल्ली में स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती पर स्मारक डाक टिकट जारी किया गया।

इस पावन अवसर पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी, माननीय उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ जी, पतंजलि योगपीठ से योगगुरू स्वामी रामदेव जी, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, सांसद सीकर राजस्थान, स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती जी, माननीय संचार राज्य मंत्री, भारत सरकार, देवुसिंह चौहान जी, सांसद डॉ सत्य पाल सिंह जी और अन्य विशिष्ट अतिथियों की पावन उपस्थिति में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर स्मारक डाक टिकट का विमोचन किया।




इस पावन अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने समाज के नवनिर्माण हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक भारतीय दार्शनिक, सामाजिक नेता और आर्य समाज के संस्थापक थे। वे एक स्व–प्रबोधित व्यक्तित्व और भारत के महान नेता थे जिन्होंने भारतीय समाज पर व्यापक प्रभाव छोड़ा।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुई गोष्ठी

ऋषिकेश। रोटरी क्लब ऋषिकेश ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर गोष्ठी आयोजित की। जिसमें चिकित्सकों ने लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए संतुलित आहार और रोजाना व्यायाम करने के लिए जागरूक किया। शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रोटरी क्लब ऋषिकेश ने रेलवे मार्ग स्थित प्रसाद क्लीनिक में गोष्ठी का आयोजन किया। रोटरी क्लब के सदस्य और चिकित्सक डॉ. हरिओम प्रसाद ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का मुख्य मक़सद लोगों को अच्छी सेहत के प्रति जागरूक करना है। पिछले कुछ सालों में करोना जैसी नई महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लिया और करोड़ों लोगों ने इसमें जान गंवाई है। ऐसे में सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। कहा कि स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ़ अच्छा खाना खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे हम अपने जीवन को और आगे बढ़ा सकते हैं।

इसके लिए हमें धूम्रपान, तम्बाकू और शराब जैसी चीज़ों से दूर रहना चाहिए और कम से कम 30 मिनट का व्यायाम अति आवश्यक है।

## सनातम धर्म प्रचार के लिए युवा संतों का आगे आना शुभ संकेत

ऋषिकेश। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर महाराज और उन्नाव सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज शुक्रवार को तीर्थनगरी ऋषिकेश पहुंचे। जहां संत समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। शुक्रवार को शीशमझाड़ी स्थित एक आश्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर महाराज और उन्नाव सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज पहुंचे। जहां संतों ने उनका स्वागत किया। श्री श्री रविशंकर ने कहा कि युवा संतों का संत समाज में आगे आना और गुरु परंपरा को आगे बढ़ाना, यह संत समाज के लिए शुभ संकेत है। इससे आने वाली पीढ़ी एवं जनमानस को आदर्श प्रस्तुत किया जा सकता है। जिसे युवा संतों के माध्यम से युवाओं में आध्यात्मिक जगत की जोत जलाने में हम कारगर साबित होंगे।

उन्नाव सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी संतों को अपनी डोर युवाओं के हाथ में देनी चाहिए। जिससे हमारे मार्गदर्शन में युवा संत हिंदू राष्ट्र को आगे बढ़ाते हुए सनातन धर्म का पूरे विश्व में प्रचार प्रसार करें। मौके पर महामंडलेश्वर दयाराम दास महाराज, तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज, आलोक, हरि महाराज, स्वामी विजयानन्द सरस्वती, जगदीश प्रसाद भट्ट, प्रमोद दास, महावीर दास, चक्रपाणि, सुदर्शन दास आदि उपस्थित रहे।

## खेत में काम करने जा रहे युवक की जमीन में पटक कर की हत्या, मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के ढकरानी गांव में अपने चचेरे भाइयों के साथ खेत में काम करने जा रहे युवक की आरोपी ने जमीन पर पटक कर हत्या कर दी। मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। शराफत अली पुत्र कासम निवासी वार्ड नंबर 14 ढकरानी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में बताया गुरुवार रात को करीब नौ बजे उसका बेटा आमिर (20) वर्ष अपने चचेरे भाई इमरान व सलमान दोनों पुत्र गुलफाम निवासी ढकरानी के साथ यमुना नदी के किनारे खेत में काम करने जा रहा था। तभी वहां पीछे से घात लगाकर पहले से बैठे फैजान पुत्र भूरा निवासी वार्ड बारह ढकरानी ने उसके बेटे आमिर पर पीछे से हमला बोलकर ऊपर उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिसके बाद आरोपी फैजान ने उसके बेटे की छाती पर कोहनी से कई वार किए।

# सुयश शर्मा सामान्य लेग ब्रेक गेंदबाज है : राणा



कोलकाता, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नितीश राणा युवा सुयश शर्मा को रहस्यमयी स्पिनर नहीं मानते और उन्होंने कहा कि वह सामान्य लेग ब्रेक गेंदबाज है जिनकी अपनी विशिष्टता है। दिल्ली के अंडर 25 स्पिनर सुयश ने अभी तक केवल आयु वर्ग के टूर्नामेंट खेले हैं। उन्होंने गुरुवार को सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती के साथ मिलकर केकेआर को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आसान जीत दिलाई थी। राणा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,''सुयश रहस्यमयी स्पिनर नहीं है। वह सामान्य लेग स्पिनर है लेकिन उसकी अपनी विशिष्टता है क्योंकि उसका एक्शन परंपरागत है और उसकी गेंद को समझना बहुत मुश्किल होता है।''सुयश को वेंकटेश अय्यर की जगह इंपैक्ट प्लेयर के रूप में शामिल किया गया था। उन्होंने 30 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे केकेआर ने आरसीबी को 205 रन के लक्ष्य के सामने 17.4 ओवर में 123 रन पर आउट कर दिया था। राणा ने कहा,'' हवा में उसकी गति अधिक होती है। अगर उसके खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए थोड़ा भी संदेह हुआ तो आप शत प्रतिशत परेशानी में पड़ जाएंगे। मैच दर मैच उसमें सुधार होगा।'' उन्होंने कहा,'' मैं जानता था कि सुयश अच्छा प्रदर्शन करेगा लेकिन मैं पावर प्ले में सुनील और फिर वरुण को गेंदबाजी देना चाहता था और इन दोनों ने हमें सफलता भी दिलाई। बीच के ओवरों में विकेट लेना महत्वपूर्ण था।''राणा ने कहा,'' वरुण की वापसी हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वह पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था लेकिन इस बार अच्छी गेंदबाजी कर रहा है।'' राणा ने शार्दुल ठाकुर की भी प्रशंसा की जिन्होंने सातवें नंबर पर उतर कर 29 गेंदों में 68 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने कहा,'' मुझे शुरु से ही उसके बल्लेबाजी कौशल पर विश्वास था लेकिन उन्होंने जिस तरह से शॉट खेले वह मेरी उम्मीद से भी बेहतर है। अगर आपका ऑलराउंडर इस तरह से बल्लेबाजी करता है और अपने दम पर मैच का पासा पलट देता है तो फिर किसी कप्तान को और क्या चाहिए।

### चीन की महिला फुटबॉल टीम ने स्विट्जरलैंड के साथ दोस्ताना मैच में गोलरहित ड्रॉ खेला

लुजर्न, चीन की महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने गुरुवार को यहां स्विट्जरलैंड के साथ दोस्ताना मैच में गोलरहित ड्रॉ खेला।

चीन ने 2022 एशियाई कप से अपनी अधिकांश चैंपियनशिप जीतने वाली टीम को बुलाया, जिसमें फारवर्ड वांग शुआंग (रेसिंग लुइसविले, संयुक्त राज्य अमेरिका), मिडफील्डर तांग जियाली, वांग शानशान और झांग लिनयान (ज्यूरिख ग्रासहॉपर) शामिल थीं, लेकिन यह स्विस टीम थी जिसे पहले हाफ में फायदा हुआ था।मैच में स्विस टीम ने आक्रामक शुरुआत की। मैच के 43वें मिनट में स्विस टीम गोल करने के बेहद करीब थी, जब गेराल्डिन रेउटेलर गोल पोस्ट के पास थीं, लेकिन उनके शक्तिशाली स्ट्राइक को चीनी गोलकीपर जू हुआन ने बचा लिया।चीन ने दूसरे हाफ में आक्रामक रवैया अपनाया और मैच के 62वें मिनट में झांग लिनयान की लंबी दूरी की वॉली को स्विस गोलकीपर गेल थाल्मन ने बचा लिया। झांग ने चार मिनट बाद एक और प्रयास किया,

# गुरबाज और ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी की : नीतिश

### –शानदार गेंदबाजी की के लिए'' शार्दुल ठाकुर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से नवाजा गया



कोलकाता, । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नीतिश राणा ने गुरूवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर जीत दर्ज करने के बाद रहमनुल्लाह गुरबाज और शार्दुल ठाकुर (68 रन) की बल्लेबाजी की तारीफ की। राणा ने मैच के बाद कहा, ''गुरबाज ने अच्छी बल्लेबाजी की और शार्दुल की जितनी तारीफ की जाये उतनी कम है। रिंकू सिंह ने भी ठाकुर का पूरा साथ दिया। '' गुरबाज (57 रन) और शार्दुल ठाकुर (68 रन) के अर्धशतकों के बाद स्पिनरों (नौ विकेट) की टीम 81 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। राणा ने दिल्ली के लेग स्पिनर सुयश शर्मा के बारे में कहा, ''वह दिल्ली का है, उसने शानदार गेंदबाजी की। '' शार्दुल ठाकुर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से नवाजा गया जिन्होंने कहा, ''शुरू में हम संघर्ष कर रहे थे। नहीं जानता कि इस तरह बल्लेबाजी कैसे कर पाया। नेट पर हम हमेशा इसका अभ्यास करते हैं। पिच अच्छी थी जो बल्लेबाजों के लिए मददगार थी। '' उन्होंने कहा, ''सुयश ने शानदार गेंदबाजी की औरहम सभी जानते हैं कि सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती कितने शानदार गेंदबाज हैं। आज का दिन परफेक्ट रहा। '' वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने हार के बाद कहा, ''हम उन्हें सस्ते में निपटाने के करीब थे लेकिन शार्दुल ठाकुर ने कमाल की पारी खेली। फिर उनके स्पिनरों ने कमाल दिखाया।

# भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम में नये सहयोगी सदस्यों की नियुक्ति



नयी दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया के जाने–माने कोच एंथनी फेरी को भारतीय महिला हॉकी टीम का विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के रेट हल्केट पुरुष टीम के साथ यह भूमिका निभाएंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को घोषणा की।

राष्ट्रीय महासंघ ने दोनों टीमों के लिए अन्य सहायक स्टाफ सदस्यों की भी घोषणा की।फेरी की देखरेख में कनाडा की पुरुष टीम ने 2016 रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। उनके मार्गदर्शन में जापान की महिला टीम ने 2018 में एशियाई खेलों का अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल किया था। वह अपनी नयी भूमिका में मुख्य कोच यानेके शोपमैन की सहायता करेंगे।

फेरी के कोच रहते कनाडा की पुरुष अंडर 21 टीम ने जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। वह अगस्त 2020 से अप्रैल 2022 तक अमेरिका की महिला टीम के कोच और हाई परफार्मेंस निदेशक रह चुके हैं।फैरी और हल्केट के अलावा हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय पुरुष टीम के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में ऑस्ट्रेलिया के एलन टैन की नियुक्ति की घोषणा की।हल्केट और टैन दोनों दक्षिण अफ्रीका के नव–नियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व वाली पुरुष टीम के कोचिंग सदस्यों का हिस्सा होंगे।हल्केट ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 2010 से 2018 तक 155 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह 2020 में नीदरलैंड के सहायक कोच रह चुके हैं।टैन को 'न्यू साउथ वेल्थ इंस्टीट्यूट और स्पोर्टर्स' में 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच के तौर पर 10 साल का अनुभव है।हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, हम पुरुष और महिला टीम में नये कोचिंग सदस्यों का स्वागत करते हैं।

### चेल्सी ने फ्रैंक लैम्पार्ड को कार्यवाहक प्रबंधक नियुक्त किया

लंदन,इंग्लिश पेशेवर फुटबॉल क्लब चेल्सी एफसी ने फ्रैंक लैम्पार्ड को अपना कार्यवाहक प्रबंधक नियुक्त किया है। लैम्पार्ड ने सीजऩ के अंत तक कार्यवाहक प्रबंधक नामित किए जाने के बाद कहा कि चेल्सी में वापसी करना उनके लिए एक आसान निर्णय था।हालांकि अभी ग्राहम पॉटर के स्थायी उत्तराधिकारी की तलाश जारी है, जिन्हें प्रीमियर लीग में 11वें क्लब के प्रभारी के रूप में सात महीने से कम समय के बाद रविवार को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।44 वर्षीय लैम्पार्ड ने जून 2019 से जनवरी 2021 के बीच चेल्सी को प्रबंधित किया, जिससे वे शीर्ष चार में पहुंच गए और 2020 एफए कप फाइनल में पहुंच गए, जहां वे आर्सेनल से हार गए। एक खिलाड़ी के तौर पर लैम्पार्ड ने चेल्सी के लिए 649 मैच में 211 गोल किये हैं और क्लब के सर्वकालिक अग्रणी गोल स्कोरर बने हुए हैं।

# पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बनी निदा डार



इस्लामाबाद,पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार को राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया है। निदा आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के बाद कप्तानी की भूमिका से हटने वाली बिस्माह मारूफ की जगह लेंगी।

इसके साथ ही पीसीबी ने नए मुख्य कोच के रूप में मार्क कोल्स की नियुक्ति की है। कोल्स पहले भी 2017 और 2019 के बीच कोच की भूमिका निभा चुके है। एक अन्य बदलाव में, पूर्व टेस्ट क्रिकेटर सलीम जाफर को महिला चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है।

130 टी–20 अंतरराष्ट्रीय और 99 एकदिनी खेलने के बाद, निदा पाकिस्तान के खेमे में सबसे अनुभवी खिलाडियों में से एक हैं और महिला टी–20 में अग्रणी विकेट लेने वाली खिलाड़ी हैं।

पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने आईसीसी के हवाले से कहा, मैं निदा, मार्क और सलीम को उनकी नियुक्तियों पर बधाई देना चाहता हूं। निदा एक अनुभवी और अत्यधिक सम्मानित खिलाड़ी हैं, मार्क का महिला क्रिकेट कोचिंग में एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है और सलीम अपने साथ अंतरराष्ट्रीय अनुभव और ज्ञान का खजाना लेकर आए हैं।

उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि यह संयोजन न केवल युवा क्रिकेटरों को शीर्ष–गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने के अपने सपनों को पूरा करने के लिए आकर्षित करेगा और मदद करेगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि पूरी टीम उनके पिछले प्रदर्शन और उपलब्धियों का अनुकरण करे। निदा, मार्क और सलीम की वजह से पाकिस्तान महिला क्रिकेट आगे बढ़ेगा और फलेगा–फूलेगा।

कप्तान नियुक्त किये जाने पर निदा ने कहा, मैं पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान के रूप में नियुक्त होने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, और मैं आगामी टूर्नामेंटों में टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। मुझे यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं पीसीबी को धन्यवाद देना चाहती हूं और टीम को आगे ले जाने के लिए हम अपनी पूरी कोशिश करेंगे।

निदा ने कहा, मैं टीम के कप्तान के रूप में उनकी सेवाओं के लिए बिस्माह मारूफ को भी धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने शानदार काम किया है, और मैं उनकी विरासत को जारी रखने और उसी जुनून और प्रतिबद्धता के साथ टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद करती हूं।

## फिल्मी सफर

# फिल्म टाइगर वर्सेज पठान में सलमान खान और शाहरुख खान की एंट्री, सिद्धार्थ आनंद करेंगे निर्देशन



शाहरुख खान और सलमान खान के प्रशंसकों के लिए एक खुशखबरी है। दरअसल, दोनों के अभिनय से सजी फिल्म टाइगर वर्सेज पठान का ऐलान हो गया है और निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनंद को सौंपी गई है, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान का निर्देशन किया। शाहरुख की पठान में सलमान की मेहमान भूमिका ने लोगों को सीटियां बजाने पर मजबूर कर दिया था। अब पूरी फिल्म में दोनों साथ नजर आएंगे, जो प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, टाइगर वर्सेज पठान का निर्देशन करेंगे सिद्धार्थ आनंद। जनवरी, 2024 से फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। इसका निर्माण यशराज बैनर तले किया जाएगा। तरण के इस पोस्ट से सलमान–शाहरुख के प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। एक फैन ने लिखा, अब तो 3,000 करोड़ रुपये की कमाई पक्की है। एक ने लिखा, बस ले आइए। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा, अब पर्दे पर लगेगी आग।

पठान में सलमान–शाहरुख की दोस्ती देखने को मिली थी, लेकिन टाइगर वर्सेज पठान में उनके बीच दुश्मनी देखने को मिलेगी। अब इन दोनों जिगरी यारों में तकरार होने वाली है और उन्हें आपस में भिड़ते देखना बेहद दिलचस्प होगा। यशराज ने अपना स्पाई यूनिवर्स शुरू किया है, जिसकी पहली फिल्म एक था टाइगर, दूसरी टाइगर जिंदा है, तीसरी वॉर तो चौथी पठान थी। इस यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म टाइगर 3, छठी वॉर 2 तो सातवीं फिल्म टाइगर वर्सेज पठान होगी।

यशराज प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही सलमान की मुख्य भूमिका वाली फिल्म टाइगर 3 में शाहरुख का कैमियो होने वाला है। हालांकि, दोनों एक–दूसरे की फिल्मों में पहले भी मेहमान भूमिका निभा चुके हैं। शाहरुख की फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान ने कैमियो किया था तो सलमान की हर दिल जो प्यार करेगा में शाहरुख ने कैमियो किया था। शाहरुख की फिल्म ओम शांति ओम में सलमान तो सलमान की ट्यूबलाइट में शाहरुख ने कैमियो किया था।सलमान और शाहरुख ने पहली बार 1995 में राकेश रोशन के निर्देशन में बनी फिल्म करण अर्जुन में काम किया था। फिल्म में दोनों भाई बने थे। सलमान ने करण तो शाहरुख ने इसमें अर्जुन की भूमिका निभाई थी। 6 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 43 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके बाद दोनों को फिल्म हम तुम्हारे हैं सनम में साथ देखा गया था और यह भी हिट रही थी।

### मलाइका अरोड़ा का नया गाना तेरा की ख्याल रिलीज, गुरु रंधावा संग आईं नजर

मलाइका अरोड़ा पिछले लंबे वक्त से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन वह म्यूजिक वीडियो के जरिए प्रशंसकों को बीच चर्चा में रहती हैं। अब मलाइका का नया गाना तेरा की ख्याल रिलीज हो गया है, जिसमें वह गुरु रंधावा संग नजर आ रही हैं। रंधावा ने इस गाने को अपनी आवाज दी है और रॉयल मान के साथ मिलकर इसके लिरिक्स लिखे हैं। गाने का म्यूजिक संजय ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्देशन बोस्को लेस्ली मार्टिस ने किया है।

तेरा की ख्याल में मलाइका और रंधावा को जोड़ी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है।

मलाइका अपने सिजलिंग लुक और डांस मूव्स से सभी का ध्यान खींचती हैं, पंजाबी गायक अपनी सुरीली आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। वीडियो में मलाइका अरोड़ा और गुरु रंधावा को एक–दूसरे के साथ रोमांस करते और साथ में बेहद आकर्षक नजर आ रहे हैं.

# नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी गई फिल्म चोर निकल के भागा, आरआरआर को भी पछाड़ा




यामी गौतम और सनी कौशल की फिल्म चोर निकल के भागा रिलीज होने के बाद से लगातार सुर्खियों में है। फिल्म को समीक्षकों से खूब प्यार मिला था और अब नेटफ्लिक्स पर भी इसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। दिलचस्प बात यह है कि ये फिल्म स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर पहले 2 हफ्ते में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बन गई है और इस मामले में इसने आरआ-रआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्वीट किया, चोर निकल के भागा नेटफ्लिक्स पर छाई हुई है। रिलीज के 2 हफ्तों में यह दुनियाभर में इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। इसे 2 करोड़ 90 लाख घंटे की व्यूअरशिप मिली है। दूसरी तरफ पहले 2 हफ्तों में आरआरआर को 2 करोड़ 55 लाख घंटे के आसपास देखा गया था, वहीं गंगूबाई काठियावाड़ी की व्यूअरशिप 2 करोड़ 21 लाख घंटे थी।

पिछले साल आरआरआर के हिंदी वर्जन और गंगूबाई काठियावाड़ी को नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखा गया था। तीसरे नंबर पर कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरआ-रआर को कुल 7 करोड़ 30 लाख घंटे, गंगूबाई काठियावाड़ी को 5 करोड़ घंटे और भूल भुलैया 2 को 2 करोड़ 10 लाख घंटों की व्यूअरशिप मिली थी। ये तब था, जब तीनों ही फिल्में ओटीटी पर आने से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी थीं।चोर निकल के भागा 24 मार्च को नेटफ्लिक्स पर आई थी। इसमें यामी और सनी के अलावा अभिनेता शरद केलकर ने भी अहम भूमिका निभाई थी। अजय सिंह इसके निर्देशक हैं। फिल्म की कहानी नेहा नाम की महिला की है, जो एक फ्लाइट अटेंडेंट है और अपने बॉयफ्रेंड का करोड़ों रुपये का कर्ज चुकाने के लिए उसके साथ मिलकर जमीन से कई हजार फीट ऊपर उड़ रहे एक प्लेन में हीरों की चोरी को अंजाम देने की तैयारी करती है।यामी ने फिल्म में खूब तारीफ बटोरी।

# कावेरी प्रियम ने किया खुलासा, कैसे पेशेवर और निजी जीवन में बनाती हैं बैलेंस



अभिनेत्री कावेरी प्रियम को शो ये रिश्ते हैं प्यार के में एक नकारात्मक किरदार निभाने के लिए काफी सराहना मिली है और वर्तमान में वह दिल दियां गल्लां में मुख्य भूमिका निभाती नजर आ रही हैं।उन्होंने साझा किया कि किस तरह फैमिली ड्रामा में अमृता का किरदार निभाने के बाद उन्हें अपने जीवन में रिश्तों के महत्व का एहसास होने लगा है। उन्होंने कहा, मुझे अमृता का किरदार निभाए हुए काफी समय हो गया है और मुझे कहना होगा कि जिस तरह से शो ने जीवन की जटिलताओं को चित्रित किया है और दिखाया है कि गलत संचार के कारण मनुष्य कैसे दूर हो जाते हैं, वह सराहनीय है। मुझे लगता है कि दिल दियां गल्लां के साथ, मैं अपने माता–पिता की भावनाओं के बारे में अधिक जागरूक हो गई हूं।अभिनेत्री ने आगे बताया कि कैसे वह अपने पेशेवर और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाती हैं और अपने परिवार के लिए समय निकालती हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह आपके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को संतुलित करने का सबसे अच्छा तरीका है। यदि आप अपने करीबी लोगों के साथ संवाद करते हैं तो गलतफहमी के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।

# तेलुगू फिल्म छत्रपति के हिंदी रीमेक का टीजर जारी



राजामौली की 2005 की तेलुगू ब्लॉकबस्टर ह्यछत्रपतिह्न की आधिकारिक हिंदी रीमेक, जो तेलुगू अदाकार श्रीनिवास बेलमकोंडा की पहली बॉलीवुड शुरूआत भी है, 12 मई को अखिल भारतीय रिलीज के लिए तैयार है. छत्रपति का एक्शन से भरपूर टीजर, जिसे जारी किया गया था, बेलमकोंडा द्वारा प्रमुख चरित्र का परिचय दिया गया.

बेलमकोंडा ने कहा, मैं ह्यछत्रपतिह्न जैसी विशेष फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने को लेकर खुश हूं, जो एक रोमांचक और सुन्दर सामूहिक एक्शन फिल्म है. इस फिल्म पर काम करने का हर पल उतना ही रोमांचक था जितना कि यह चुनौतीपूर्ण था और आखिरकार हम खुश हैं इसे हिंदुस्तान भर के दर्शकों के सामने पेश करें.

यह फिल्म एसएस राजामौली की तेलुगू ब्लॉकबस्टर छत्रपति की आधिकारिक हिंदी रीमेक है और इसे उनके पिता और अनुभवी लेखक वी। विजयेंद्र प्रसाद ने लिखा है, जिन्हें आरआरआर, बाहुबली सीरीज और आरआरआर जैसी फिल्मों में उनके गौरतलब काम के लिए जाना जाता है.पेन स्टूडियोज के जयंतीलाल गाडा द्वारा निर्मित और विनायक द्वारा निर्देशित बड़े–टिकट, बड़े–कैनवस एक्शन एंटरटेनर का निर्माण किया जा रहा है.एस।एस। राजामौली की ह्यछत्रपतिह्न अखिल भारतीय दर्शकों के लिए फिर से कल्पना करने के लिए एक आदर्श परियोजना थी. बहुत प्रतिभाशाली श्रीनिवास बेलमकोंडा को पूरी तरह से नए बाजार में पेश करने के अलावा, फिल्म में मुख्यधारा के मनोरंजन के सभी आवश्यक घटक भी हैं. छत्रपति एक ऐसे आदमी की कहानी बतलाता है, जो बड़े पैमाने पर उत्पीडऩ के अधीन प्रवासियों के रक्षक बनने के लिए उत्पीडऩ के विरूद्ध उठता है.

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338